हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 1 अप्रैल 2025
[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]

तापमान
अधिकतम 39.1 डिग्री
न्यूनतम 23.4 डिग्री


बिजली सप्लाई सुचारू बनाने बिना सुरक्षा व्यवस्था के पेड़ों की डंगाल काटते विद्युत ठेका कर्मी।

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

# 40 हजार कारोबारियों पर टैक्स चोरी की आशंका

## जीएसटी का प्रदेश भर में छापा, अब तक ढाई करोड़ की वसूली

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

प्रदेश के 1.50 करोड़ रुपए से ज्यादा टर्नओवर वाले 56 हजार कारोबारियों की जांच की जा रही है। इसमें 16 हजार कारोबारियों के रिटर्न फाइल नहीं करने और 40 हजार कारोबारियों द्वारा टैक्स चोरी करने जानबूझकर कम टर्नओवर जमा करने के इनपुट मिले हैं। इसे देखते हुए स्टेट जीएसटी की विशेष टीम बनाई गई है। टैक्स चोरी की आशंका पर प्रदेश भर में इस तरह के कई दुकानों और फर्मों की जांच हो रही है। इसमें कई जगहों पर गड़बड़ी भी मिल रही है। कई दुकानों से नियमित तौर पर माल सप्लाई और बिक्री करोड़ों में है, लेकिन उसका टैक्स सही तरीके जमा नहीं किया जा रहा है। अब जीएसटी की टीम फील्ड में जाकर कंपोजिशन डीलरों और कारोबारियों के प्रतिष्ठानों में दस्तावेजों की जांच कर रही है। साथ ही निर्धारित टर्नओवर से अधिक मिलने पर रजिस्ट्रेशन को अपग्रेड करने की कार्रवाई की जा रही है। इसकी रिपोर्ट तैयार कर विभागीय अधिकारियों को सौंपी जाएगी। प्रदेश भर में पड़े छापे में अभी तक करीब ढाई करोड़ रुपए की पेनाल्टी व्यापारियों पर कर चोरी के मामले में लगाई गई है।

- टर्नओवर से अधिक मिलने पर रजिस्ट्रेशन को अपग्रेड करने की कार्रवाई की जाएगी

दरअसल टैक्स चोरी करने की शिकायत मिलने के बाद कारोबारियों के रिटर्न की ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड पर जांच की जा रही है। इस दौरान पता चला कि कारोबारी अपने दस्तावेजों में हेराफेरी कर फर्म को छोटा बताकर कम टर्नओवर जमा कराया जा रहा था। इसके लिए एक जीएसटी नंबर पर कई फर्मों का संचालन किया जा रहा था। गौरतलब है कि प्रदेश में 1 लाख 80 हजार के ज्यादा पंजीकृत कारोबारी है। इसमें करीब 1 लाख स्टेट जीएसटी और 80000 से ज्यादा कारोबारी सेंट्रल जीएसटी में पंजीकृत हैं।

### त्रैमासिक रिटर्न जमा करने की छूट दी गई

अधिकारियों के मुताबिक जीएसटी में कंपोजिशन योजना केंद्र सरकार द्वारा 1.50 करोड़ से कम टर्नओवर वाले कारोबारियों को राहत देने के लिए शुरू की गई है। इसके तहत छोटे कारोबारियों को जीएसटी का सरलीकरण करते हुए त्रैमासिक रिटर्न जमा करने की छूट दी गई है। जबकि, बड़े कारोबारियों को प्रतिमाह रिटर्न जमा करना अनिवार्य किया गया है। जांच के दौरान कारोबारियों से जीएसटी नंबर, समाप्त हो चुके नंबरों पर कारोबार करने वालों को चिन्हांकित किया जाएगा। बता दें कि केंद्र सरकार के निर्देश पर देशभर में चलाए जा रहे अभियान के दौरान अब तक 74000 डीलर मिले हैं, जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है।




### कार्रवाई की जा रही

स्टेट जीएसटी की टीम बिना पंजीयन कराए कारोबारियों को चिन्हांकित कर रही है। साथ ही गलत जानकारी देकर टैक्स चोरी और बिना ई-वे बिल सामानों का परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

- टीएल ध्रुव, स्पेशल कमिश्नर

### व्यापार विहार की दो दुकानों पर 12 लाख की पेनाल्टी

स्टेट जीएसटी की टीम ने व्यापार विहार स्थित संभाग की सबसे बड़ी दो ड्रायफूट दुकानों गोपालदास टोडरमल और पवन ड्रायफ्रूट में भी छापा मारा था। यहां 12 लाख रुपए रुपए की टैक्स चोरी मिली है। जीएसटी की ओर से इस राशि को जमा करने के लिए नोटिस भी दिया गया है। इसके साथ ही अधिकारियों ने दुकान और गोदाम से जरूरी दस्तावेज समेत लैपटाप, कम्पूटर और हिसाब-किताब की डायरी समेत बिल और वाउचर कब्जे में लिया है। अधिकारियों के मुताबिक जीएसटी टीम टैक्स चोरी की शिकायत मिल थी जो सही पाई गई। इसकी जांच करने के लिए स्टेट स्तर पर टीम बनी थी। इसमें स्थानीय अधिकारियों को भी शामिल किया गया।

### 1.50 करोड़ रुपए से कम के टर्नओवर वाले जद में

अधिकारियों के मुताबिक फील्ड में जाकर जांच करने पर टैक्स चोरी करने वाले कारोबारियों को चिन्हांकित किया जा रहा है। साथ ही कंपोजिशन रजिस्ट्रेशन का लाभ लेने वाले कारोबारियों के पकड़े जाने पर उन्हें सामान्य रजिस्ट्रेशन में कंवर्ट करने पर टैक्स वसूला जा रहा है। इससे एक तरफ आम लोगों को राहत मिलने के साथ ही पंजीकृत कारोबारियों की संख्या बढ़ने से राजस्व में इजाफा हुआ है। बता दें कि मैरिज हाल, कोचिंग, कपड़ा, मनियारी, टाइल्स, बड़े रेस्टोरेंट, होटल संचालक, डेटोकेशन सेंटर और 1.50 करोड़ रुपए से कम के टर्नओवर वाले अन्य छोटे कारोबारी इसकी जद में आते हैं।

## खबर संक्षेप

### आज से बंद हो जाएंगी शराब दुकानें, लगी भीड़

**बिलासपुर।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति और नई शराब नीति के आने के बाद शराब दुकानों के लिए नए सिरे से लाइसेंस की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 2 अप्रैल से 15 अप्रैल तक दुकानें बंद रहेंगी। इस दौरान आबकारी विभाग नई शराब ठेके की प्रक्रिया करेगा। वर्तमान में ऑनलाइन सिस्टम लागू कर दिया गया है। जिसके तहत इच्छुक व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन ही आवेदन किया जाएगा और जिला समिति के द्वारा उसका अनुमोदन किया जाएगा। जिले के शराब प्रेमियों के लिए एक बुरी खबर है। लगभग 13 दिनों के लिए शराब की दुकान बंद की जा रही है। आबकारी विभाग इस दौरान नए लाइसेंस देने का काम शुरू कर दिया है। 29 मार्च से आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई है। 11 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं और 15 मार्च को जिला समिति के द्वारा आवेदनों की छटनी कर लॉटरी निकाली जाएगी। लॉटरी के आधार पर दुकानों का चयन किया जाएगा। इसके बाद ही जिले में शराब दुकान खुल जाएगी। इस बार देशी और विदेशी शराब की दुकान एक स्थान पर ही रखी जाएगी और शराब प्रेमियों को सस्ती कीमत पर शराब मिल सकेगी।

### काम में लापरवाही प्रधानपाठक निलंबित

**बिलासपुर।** जिले के कोटा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला रामपुर (शिवतराई) के प्रधानपाठक बहादुर सिंह भानु को डीईओ ने सस्पेंड कर दिया है। आरोप है कि प्रधान पाठक अफसरों को नोटिस का जवाब देने की बजाय साफ कहता था कि नहीं दूंगा जवाब, जो करना है कर लो। उसकी मनमानी से अधिकारी परेशान थे। दरअसल, रामपुर, कोटा में पदस्थ प्रधान पाठक बहादुर सिंह भानु पर लंबे समय से काम को लेकर लगातार लापरवाही और मनमानी के आरोप थे। उच्च अधिकारियों की ओर से लापरवाही को लेकर कई बार नोटिस भेजा गया, लेकिन प्रधान पाठक ने नोटिस मिलने के बावजूद कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। अधिकारियों को साफ कह देते थे कि जवाब नहीं देंगे। इसकी जांच कोटा एसडीएम नितिन तिवारी ने की, तो मामला सही पाए जाने पर उन्होंने जांच रिपोर्ट डीईओ अनिल तिवारी को दी। जांच रिपोर्ट के आधार पर डीईओ ने प्रधान पाठक को सस्पेंड कर दिया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल तेंदुआ ब्लॉक कोटा नियत किया गया है। इससे पहले भी इस प्रधान पाठक को नोटिस दिया गया था, लेकिन उसने जवाब नहीं दिया।

### कर भुगतान 31 मई तक करने की मांग

**बिलासपुर।** कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने जीएसटी की एमनेस्टी योजना के तहत कर भुगतान की तिथि 31 मई करने की मांग की है। कैट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर परवानी, परमानंद जैन व कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि 3 प्रमुख कारणों को बताते हुए वित्तमंत्री ओपी चौधरी, केंद्रीय जीएसटी व उत्पाद शुल्क कमिश्नर मोहम्मद अबू समा और आयुक्त राज्य जीएसटी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा को पत्र लिखा है। इसमें सीजीएसटी अधिनियम की धारा 128ए के तहत कर भुगतान की तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर 31 मई तक करने की मांग की है। इससे व्यापारियों को राहत मिल सकेगी।

## सुविधाओं पर ध्यान नहीं, आज से हाइवे पर महंगा होगा सफर

# छोटी गाड़ियों में 15 रुपए और बड़ी में 25 से 50 रुपए तक टोल टैक्स बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एनएचएआई ने मंगलवार को टोल टैक्स में बढ़ोतरी कर दी है। 1 अप्रैल से छोटी गाड़ियों में 15 रुपए और बड़ी गाड़ियों में 25 से 50 रुपए तक टैक्स बढ़ जाएगा। जिले से होकर रायपुर, बिलासपुर जाने के लिए अकलतरा-अर्जुनी के बीच पाराघाट टोल प्लाजा से गुजरने पर अब अधिक टैक्स देना होगा। मतलब कार में सवार होकर जांजगीर-चांपा की तरफ जाने और बिलासपुर, रायपुर के लिए मुड़ीपार और पाराघाट टोल से गुजरना महंगा हो जाएगा। इसके साथ ही रायपुर रोड में भोजपुरी और कचना टोल नाके के साथ ही बिलासपुर पथरापाली कटघोरा खंड में लिम्हा टोल प्लाजे पर अधिक कीमत देनी होगी। इसके साथ ही बिलासपुर रायगढ़ खंड में केसला टोल प्लाजे पर वाहन सवार की जेबें अधिक ढीली होंगी।

नेशनल हाइवे का सफर एक अप्रैल से महंगा हो रहा है। दरअसल वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया टोल टैक्स में बदलाव करती है। एनएचएआई ने जिले में भी बने टोल में रेट बढ़ा दिया गया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इसके लिए सूचना जारी कर दी है। जांजगीर से बड़ी संख्या में लोग शिक्षा, व्यापार व अन्य कार्य के लिए बिलासपुर की ओर आना जाना करते हैं, चूंकि इस रूट में बस की सुविधा नहीं होने के कारण अधिकांश लोग कार या अपनी निजी वाहन का उपयोग करते हैं। उन्हें बढ़े दर पर भुगतान करना होगा।

**लिम्हा टोल प्लाजा**

| वाहन का प्रकार | एकतरफ की यात्रा | वापसी यात्रा | मासिक पास |
|---|---|---|---|
| कार/जीप/वैन | 110.00 | 170.00 | 3730.00 |
| एलसीवी | 180.00 | 270.00 | 6030.00 |
| बस/ट्रक | 380.00 | 570.00 | 12630.00 |
| 4 से 6 एक्सल वाहन | 595.00 | 890.00 | 19810.00 |
| एचसीएम/ईएमई | 595.00 | 890.00 | 19810.00 |
| 7 या अधिक एक्सल | 725.00 | 1085.00 | 24115.00 |

» एनएचएआई ने टोल प्लाजा पर नई दरें लागू की, एक अप्रैल से वाहन सवारों के जेबों पर पड़ेगा भार

» पाराघाट, केसला, लिम्हा के साथ ही भोजपूरी और कचना टोल नाके पर देनी होगी अधिक कीमत




### टोल हटाने का आदेश नहीं आ सका

ज्ञात हो कि केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 60 किमी के दायरे में आ रहे टोल प्लाजा को हटाने के आदेश दिए थे। माना जा रहा था कि जिले के पाराघाट, मुड़ीपार टोल प्लाजा हटाए जाएंगे, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो सका है। अकलतरा के पारा घाट से मुड़ीपार टोल नाके की दूरी सिर्फ 33 किलोमीटर है। रायपुर रोड से भोजपुरी टोल नाका सिर्फ 13 किमी की दूरी पर था। अकलतरा से बिलासपुर होकर रायपुर जाने वालों के लिए तीन नाकों पर टोल देना पड़ता है। 60 किलोमीटर में आ रहे टोल को हटना था, जिस पर आज तक ध्यान नहीं दिया गया।

### 15 से 105 रुपए तक महंगा होगा सफर

टोल प्लाज पर नया दर लागू होने के बाद बिलासपुर से जांजगीर, बिलासपुर से रायगढ़ और बिलासपुर से रायपुर के साथ ही बिलासपुर से कोरबा तक का सफर महंगा हो जाएगा। इसमें 15 से लेकर 105 रुपए तक अधिक कीमत देनी होगी। चार पहिया वाहनों से आना-जाना करने पर 15 रुपए अधिक देने होंगे। वहीं बड़े वाहनों के लिए अब 105 से लेकर 85 रुपए तक अधिक टैक्स देना होगा।

### टोल प्लाजा हटाने नहीं मिला है निर्देश

वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया टोल टैक्स में बदलाव करती है। एनएचएआई ने जिले में भी बने टोल में रेट बढ़ा दिया गया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इसके लिए सूचना जारी कर दी है। सूचना जारी कर दी गई 60 किलोमीटर टोल प्लाजा को हटाने के लिए अब तक निर्देश नहीं मिला है।

- आर सूर्यवंशी, मैनेजर, एनएचएआई

### सभी टोल लेन फास्टैग लेन घोषित




नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से यह भी कहा गया है कि सभी टोल लेन फास्टैग लेन घोषित कर दिए गए हैं, इसलिए अब शुल्क भुगतान केवल फास्टैग के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। इसके साथ ही कहा गया है कि जो भी वाहन चालक फास्टैग लेन में नगद भुगतान करने के इच्छुक होंगे, उन्हे लागू दरों का दोगुना भुगतान करना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त वापसी यात्रा रियायत एवं स्थानीय यात्रा रियायत केवल फास्टैग द्वारा भुगतान किए जाने पर ही मान्य होगी।

### पाराघाट टोल प्लाजा

पाराघाट टोल प्लाजा की बात करें तो कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहनों को एकतरफा यात्रा के लिए 80 रुपए तो उसी दिन वापसी करने पर 125 रुपए देंने होंगे। मासिक पास 2735 रुपए में बनेंगे। इसी तरह हल्के माल वाहनों को एकतरफा यात्रा के लिए 130 रुपए तो उसी दिन वापसी करने पर 200 रुपए देंने होंगे। मासिक पास 4415 रुपए के बनेंगे। बस या ट्रक वालों को एकतरफा यात्रा के लिए 280 रुपए तो उसी दिन वापसी करने पर 415 रुपए देने होंगे। मासिक पास 9250 रुपए के बनेंगे। चार चक्कों वालों को एकतरफा यात्रा के लिए 435 रुपए तो उसी दिन वापसी करने पर 685 रुपए देंने होंगे। मासिक पास 14510 रुपए के बनेंगे।


मस्तूरी में डीजे बाक्स से टकराकर टूटे छज्जा का पड़ा मलबा व इनसेट में मृत बालक।

# डीजे के बाक्स से टकराकर गिरा छज्जा, 1 बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/मस्तूरी

रविवार को मल्हार में हिंदू नववर्ष में भारी भरकम डीजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई थी। सकरी गली होने से डीजे का बाक्स एक मकान के छज्जा से टकरा गया, जिससे छज्जा भरभराकर गिर गया, इससे नीचे खड़े एक बालक की मौत हो गई। और 9 अन्य बालक घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल 6 बालकों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने डीजे संचालक, ड्राइवर, दो आयोजनकर्ता के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर डीजे संचालक व ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

- 9 बच्चे हो गए घायल
- सिम्स में चल रहा इलाज

मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर ने बताया, 30 मार्च रविवार को मल्हार वार्ड नम्बर 7 केंवटपारा के लोगों के द्वारा हिंदू नववर्ष में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। भारी भरकम डीजे में लोग डांस कर रहे थे। रात 8.30 बजे शोभा यात्रा केंवटपारा के सकरी सड़क से निकल रही थी। इसी दौरान स्वराज माजदा के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी निकालने का प्रयास किया, जिससे डीजे के बाक्स की टक्कर से तुकेश कैवर्त्य के मकान के बाहर निकला छज्जा टकरा गया। छज्जा पुराना होने के कारण भरभराकर गिर गया, जिससे नीचे खड़े होकर शोभा यात्रा देख रहे 10 बच्चे दब गए। हादसे के बाद गांव में हड़कंप मच गया। आनन फानन में गांव वालों ने मलवा हटाकर बालकों को बाहर निकाला और इलाज के लिए मस्तूरी अस्पताल लेकर गए। जहां परीक्षण के बाद प्रशांत केंवट पिता कुबेर केंवट 11 साल को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल शिव सागर केंवट, निलेश केंवट, राजेश्वर केंवट, शिव प्रसाद केंवट, दिपेश केंवट, हेमंत केंवट को सिम्स रिफर किया गया। वहीं अन्य बालकों को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। परिजनों के द्वारा गंभीर रूप से घायल 6 बालकों को सिम्स में भर्ती कराया गया है।



पकड़े गए आरोपी व जब्त वाहन।

### गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

टीआई श्री टाण्डेकर ने बताया, सूचना मिलते ही मस्तूरी, मल्हार पुलिस मौके पर पहुंच गई। गांव वालों से पूछताछ करने पर खुलासा हुआ कि डीजे के बाक्स के टकराने से मकान का छज्जा गिरा था। पुलिस ने डीजे संचालक धर्मेन्द्र केंवट, ड्राइवर राज वावरे, शोभा यात्रा आयोजनकर्ता रामचरण केंवट, सुरेश केंवट के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के तहत बीएनएस की धारा 105, 281, 125 ए, 3, 5 व कोलाहल अधिनियम 3, 5, 15 के तहत जुर्म दर्ज कर डीजे वाहन जब्त कर संचालक व ड्रावइर को गिरफ्तार कर लिया है। आयोजनकर्ता पुलिस पकड़ से बाहर है।

### बाक्स टकराने से हुआ हादसा

शोभा यात्रा के दौरान डीजे का बाक्स टकराने से एक मकान का छज्जा गिर गया। जिससे नीचे खड़े होकर शोभा यात्रा देख रहे एक बालक की मौत हो गई है। 9 बालक घायल हो गए थे। 6 बालकों को सिम्स में भर्ती कराया गया है।

- उद्यन बेहार, एडीशनल एसपी

## 90 प्रतिशत वसूली को बड़ी सफलता मान रहा निगम

# टैक्स वसूली में टारगेट से 19 करोड़ पीछे रह गया ननि, 86 करोड़ वसूली का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लाख कोशिशों के बाद भी नगर निगम टैक्स वसूली के अपने टारगेट को नहीं पा सका। 105 करोड़ रुपए के टारगेट की जगह 86 करोड़ रुपए की वसूली का दावा किया जा रहा है। इस 90 प्रतिशत वसूली को बड़ी सफलता निगम मान रहा है।

गौरतलब है कि कर वसूली में हर साल फिसड्डी साबित होने वाली नगर निगम ने इस बार संपत्ति कर, समेकित कर के साथ ही अन्य प्रकार की कर वसूली में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वित्त वर्ष 2024-25 में 105 करोड़ कर वसूली का टारगेट रखा गया था। 31 मार्च तक करीब 86 करोड़ की वसूली हो सकी। हालांकि देर रात तक आनलाइन टैक्स भुगतान भी होने की संभावना है, इसलिए निगम 90 करोड़ से अधिक की टैक्स वसूली मान रहा है। अधिकारियों के मुताबिक अंतिम 15 दिनों में लक्ष्य बनाकर टीम ने काम किया इसलिए 90 प्रतिशत से अधिक की वसूली हो सकी है। अधिकारियों के मुताबिक शेष राशि की वसूली नए वित्त वर्ष में अधिभार स्वरूप की जाएगी।




### इन सुविधाओं से बढ़ी वसूली

- घर बैठे आनलाइन कर पटाने की सुविधा दी गई
- कर करदाताओं को फोन कर संपत्तिकर पटाने के लिए प्रेरित किया गया
- निगम कर्मी घरों तक पहुंचे और लोगों से मौके पर कर वसूली की गई
- बड़े बकायादारों से संपर्क कर सख्ती बरतते हुए वसूली की गई
- दुकानदारों व व्यापारियों से संपर्क कर कर पटाने के लिए प्रेरित किया गया

### बड़े बकायादारों पर सख्ती

अधिकारियों के मुताबिक निगम के राजस्व विभाग ने कर वसूली का लिए अभियान चलाया। खासतौर से ऐसे लोग जिन्होंने सालों से संपत्ति कर नहीं पटाया है, उनके खिलाफ विशेष रूप से कड़ाई बरती गई। बड़े बकायादार को नोटिस थमाकर वसूली की गई। इससे कर वसूली 90 प्रतिशत के पार जा सकी।

### घर बैठे आनलाइन की सुविधा

नगर निगम ने संपत्तिकर के साथ-ही सभी प्रकार के टैक्स जमा करने के लिए आनलाइन सुविधा भी दी। इसके माध्यम से लोगों ने घर बैठे सभी प्रकार के कर जमा किया। इसके लिए निगम की अधिकृत वेबसाइड पर जाना होगा और कर के कालम को क्लिक कर कर अदा करना होगा। इसकी कापी भी जनरेट हो जाएगी। इस सुविधा से कर पटाने के लिए निगम के दफ्तर में लाइन लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। शहरवासियों ने इस आनलाइन सुविधा का लाभ उठाया।

### चलाया गया था अभियान

संपत्तिकर के साथ अन्य प्रकार की कर पटाने के लिए अभियान चलाया गया। 31 मार्च से पहले कर पटाने व इस साल का कर पटाने पर किसी भी प्रकार का अधिभार नहीं लिया गया। इस साल कर वसूली 90 प्रतिशत के करीब हुई।

- खंजाची कुम्हार, अपर आयुक्त, नगर निगम

## वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन हुई 150 रजिस्ट्री

पंजीयन कार्यालय में वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन 31 मार्च को अचल संपत्ति की रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ रात तक लगी रही। आखिरी दिन में करीब डेढ़ सौ रजिस्ट्री हुई है, जिससे विभाग को लगभग डेढ़ करोड़ रूपए राजस्व के रूप में एक ही दिन में प्राप्त हुआ है। सोमवार को ईद-उल-फितर के अवसर पर शासकीय अवकाश के दिन भी पंजीयन कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री का कार्य चलता रहा, क्योंकि वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन रहा और राजस्व संग्रहण की दृष्टि से बड़ा विभाग होने के कारण शासन ने शासकीय अवकाश के दिन भी पंजीयन कार्यालय खुला रखने का निर्देश दिया था। हालांकि नए वित्तीय वर्ष लगते ही अचल संपत्ति के गाइड लाइन दर में वृद्धि होने का कोई आदेश नहीं आया है फिर भी वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन कंपोजिट बिल्डिंग स्थित पंजीयन कार्यालय में रात करीब साढ़े आठ बजे तक जमीन रजिस्ट्री का काम चलता रहा। इसके चलते पंजीयन कार्यालय एवं बाहर पक्षकारों, गवाहों की भीड़भाड़ लगी रही। सोमवार को करीब डेढ़ सौ रजिस्ट्री हुई है, जिससे लगभग डेढ़ करोड़ रुपए राजस्व पंजीयन कार्यालय को प्राप्त हुआ है। पंजीयन कार्यालय के बगल वाली सड़क से लेकर नगर निगम टाउनहाल परिसर में जमीन रजिस्ट्री कराने वालों के गाड़ियों की लाइन लगी रही। वहीं स्टांप वेंडर, दस्तावेज लेखक, कंप्यूटर एवं फोटोकापी दुकानें भी खुली रही और वहां भी लोगों की चहल-पहल रही।


पंजीयन कार्यालय में रात तक चलता रहा काम

## खबर संक्षेप



बिलासा महोत्सव मे उप मुख्य मत्री अरुण साव एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विनोद पांडेय को बिलासा सेवा सम्मान से सम्मानित किया ।

### नशे के खिलाफ रैली निकालकर फैलायी जा रही जनजागरूकता



**बिलासपुर।** समाज कल्याण विभाग के तत्वधान में नशे के खिलाफ रैली निकालकर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत कोटा विकासखंड में रथ के माध्यम से, शिवतराई में जीजीयू द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना, नशा मुक्ति केन्द्र लोखंडी, जस्टिस तन्खा मेमोरियल बिलासपुर, ब्रम्हकुमारी प्रजापति, गायत्री परिवारआदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में परिवीक्षा अधिकारी सरस्वती रामेश्री, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, सरस्वती जायसवाल, प्रशांत मोकाशे, बीना दीक्षित, सौरभ दीवान, अजय धुर्वे, वमशी कृष्णा, विजय केशकर, एलडी भांगे, दादूलाल बरेठ, राजेश सिसोदिया, कौशल कश्यप, राधेश्याम यादव, पुनाराम ध्रुव, अजय सिंह एवं समाज सेवी संस्था सत्यभामा अवस्थी, शोभना शुक्ला, एसपी चतुर्वेदी, जगदीश सिंह राजा आदि उपस्थित रहे।

### श्री हनुमान महापाठ कराने हुई बैठक



**बिलासपुर।** जीवन प्रबंधन गुरू पं. विजय शंकर मेहता की प्रेरणा से नगर में श्री हनुमान महापाठ के 15 वें आयोजन को लेकर शनिवार को बैठक हुई। 7 अप्रैल को देवकीनंदन कन्या शाला के प्रांगण में श्री हनुमान महापाठ का आयोजन किया जाना है। बैठक लेकर कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बैठक में मनोज भण्डारी, सुनील खंडेलवाल, नारायण आवटी, संजय रजक, सुभाष अग्रवाल, चितरु अग्रवाल, विनय अग्रवाल, राजेन्द्र खेड़िया, सुधीर शर्मा, अशोक भंडारी, राजू जौहरी, सुनील मिश्रा, युगल शर्मा, धीरज बाजपेयी, अशोक शर्मा, भुट्टोराज, रमाकांत सोनी, रमेश शर्मा आदि शामिल हुए।



सोमवार को ईद की नमाज अता करते मुस्लिम समाज के लोग।

# अकीदत से मनी ईद, मांगी गई अमन चैन की दुआ

**बिलासपुर।** खुशियों का त्यौहार ईद आज जिले के शहरी व ग्रामीण इलाकों में अकीदत से मनाया गया।

इस दौरान ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अता की गई, उसके बाद सभी ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी। शाम तक मुस्लिम समाज के लोगों का एक दूसरे के घर जाकर बधाई देने का सिलसिला जारी रहा। रोजा रखने वाले पिछले कई दिनों से ईद की तैयारी में जुटे थे। बाजार में सेंवइयों की दुकानें सज गई थीं, जहां अच्छी खासी भीड़ नजर आ रही थी। इसके अलावा कपड़ों की दुकानों में भी जमकर खरीददारी की जा रही थी। सोमवार की सुबह से मुस्लिम समाज के लोग तैयार होकर ईदगाह सहित अपने अपने क्षेत्र की मस्जिदों की ओर रवाना हुए। सभी जगह तय समय पर ईद की नमाज अता की गई, इस दौरान लोगों ने देश की खुशहाली और अमन चैन की दुआ मांगी। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। इसके बाद सभी ने एक दूसरे के घर जाकर बधाई दी व सेंवइयां खाई। ईद को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। बच्चे सुबह से शाम तक तैयार होकर खुशियां मनाते नजर आते रहे।

### परमात्मा के साथ जुड़े रहने से रहेंगे सेफः दामिनी

**बिलासपुर।** शिव गुलजार भवन तोरवा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी की विश्व प्रख्यात सिंगर राजयोगिनी डॉक्टर दामिनी का आगमन हुआ जिनके स्वागत में ब्रह्माकुमारी राखी दीदी सहित पूर्णिमा दीदी, सरोज दीदी एवं अन्य लोगों पुष्प गुच्छ, तिलक के साथ उनका स्वागत किया। राजयोगिनी डॉ. दामिनी दीदी ने उपस्थित समस्त लोगों को स्वयं को परमात्मा के साथ कंबाइंड रहने की विधि बताते हुए कहा की हम जो भी कार्य करते हैं। सदा परमात्मा को कंबाइंड रखने से हमेशा सेफ रहेंगे। हमारे जीवन में कोई भी विघ्न आएंगे ही नहीं। यदि विघ्न हमारे पास आते भी हैं तो परमात्मा का साथ होने के कारण विघ्न हमें स्पर्श भी नहीं कर सकेगा। जिस प्रकार श्री कृष्ण पांच पांडवों के साथ होने के कारण कम शस्त्र, हथियार तथा सैनिकों के कम होने के बावजूद भी जीत पांडवों की हुई। इसी प्रकार यदि हम भी सदा परमात्मा को अपने साथ लेकर चलते हैं तो हमें भी हर कार्य में सफलता मिलना निश्चित है।

## लोयोला में समर कैंप का आयोजन



**बिलासपुर।** राजीव विहार कॉलोनी स्थित लोयोला स्कूल में 17 मार्च से 29 मार्च तक समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वर्ग के बच्चे ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने मनोरंजन के साथ-साथ नई चीज भी सीखी। इसके अलावा स्पोकन इंग्लिश, कला, संगीत, नृत्य, योग तथा रचनात्मक लेखन जैसी गतिविधियां कराई गई, जिससे छात्रों के अंदर आत्मविश्वास और नई प्रतिभा का विकास हुआ।

समर कैंप में शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने खेल-खेल में नई चीज सीखी और अपने हर पल को यादगार बनाया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सीखने की कला को बढ़ाना और उनके मानसिक विकास करना था, जो की सफल रहा। समर कैंप के अंतिम दिन बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। स्कूल के प्राचार्य ने सभी बच्चों को प्रमाण पत्र देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया द्वारा बेस्ट स्कूल से सम्मानित छत्तीसगढ़ का एकमात्र लोयोला स्कूल में कैरियर गाइडेंस से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी दी जाती है।

स्कूल में बेस्ट एक्सपीरियंस, फैकल्टी, सुसज्जित रूम, खेलकूद के लिए विशाल ग्राउंड है।सुरक्षित कैंपस के साथ ही बेस्ट एक्टिविटी रूम भी उपलब्ध है। प्राचार्य ने बताया कि नर्सरी में एडमिशन के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है इसके अलावा नर्सरी से 12वीं तक की कक्षाएं अनुभवी शिक्षकों की टीम द्वारा ली जाती है।

## स्मार्ट मीटर बना मुसीबत, बिल पटाने के बाद भी नहीं हो रहा चालू

**बिलासपुर।** शहर में लगाया गया स्मार्ट मीटर लोगों के लिए मुसीबत साबित हो रहा है। बिजली बकाया पर विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है और कनेक्शन काट दिए जा रहे हैं, लेकिन छुट्टी के दिनों में काटे गए कनेक्शन को चालू करने में खासी दिक्कतें आ रही है।

स्मार्ट मीटर अब गर्मी में लोगों के पसीने निकल रहा है। बिजली बिल का 3 माह का बकाया होने पर बिना सूचना के कनेक्शन काट दिया जा रहा है। यह कनेक्शन पर ऑटोमेटिक सप्लाई बाधित की जा रही है, जिसके कारण शहर के विद्युत अधिकारी भी कुछ नही कर पा रहे हैं। सप्लाई बंद होने के बाद उसे चालू करने में लोगों को पापड़ बेलना पड़ रहा है। खास बात यह है कि छुट्टी के दिनों में बिजली कनेक्शन की सप्लाई बंद होने पर चालू करने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। ऐसा ही वाकया सरकंडा क्षेत्र में भी हुआ है, जहां 30 से अधिक घरों के बिजली कनेक्शन ऑटोमेटिक काट दिए गए हैं, लेकिन बिजली बिल का पूर्ण भुगतान करने के बाद भी सोमवार को लोगों को भरी दुपहरी में पसीना बहाना पड़ा है। वहीं विभाग के अधिकारी बिजली शुरू करने को लेकर तरह-तरह के बातों के जाल में फंसा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ऑटोमेटिक सिस्टम के तहत रायपुर से बिजली बंद कर दी जा रही है। वहीं उपभोक्ताओं को सबक सिखाने के लिए तीन महीने के बकाया बिलों पर लगातार कार्रवाई जारी है। पिछले शुक्रवार को जिले में 1378 लोगों के बिजली कनेक्शन काट दिए गए थे। इसके बाद से उपभोक्ताओं में हाहाकार मचा हुआ है।

# श्रीनगर तक जाने के लिए कटरा से मिलेगी वंदेभारत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ऊधमपुर से श्रीनगर तक नई रेल लाइन से अब छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए ट्रेन की सुविधा मिलने की संभावना बढ़ गई है, जिसके लिए आने वाले दिनों में ऊधमपुर तक चलने वाली जम्मूतवी एक्सप्रेस को कटरा तक और कटरा से कनेक्टिंग ट्रेन यानि वंदेभारत एक्सप्रेस को चलाने की योजना बनाई गई है। इस ट्रेन के श्रीनगर तक चलने से लोगों को अब अन्य संसाधनों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा।

प्रदेश और जोन स्तर पर चलने वाली ट्रेनों में सबसे अधिक भीड़ जम्मूतवी एक्सप्रेस में होती है। सप्ताह में प्रति मंगलवार और बुधवार को दुर्ग से रायपुर, भाटापारा होते हुए उसलापुर होकर जम्मूतवी जाने वाली एक्सप्रेस में सामान्य यात्रियों से अधिक संख्या मजदूरों की रहती है। प्रदेश से बड़ी संख्या में मजदूर रोजी मजदूरी करने के लिए दिल्ली, पंजाब और जम्मू के लिए सफर करते हैं। इस ट्रेन में मजदूरों की संख्या अधिक होने के कारण स्लीपर और एसी कोच में भी बैठने की जगह सामान्य यात्रियों को नहीं मिल पाती है। मजदूरों की संख्या अधिक होने से रेलवे के कामर्शियल विभाग को भी अच्छा खासा राजस्व प्राप्त हो जाता है, जिसमें टीटीई प्रति मजदूर से स्लीपर में जम्मू तक जाने के लिए 900 रुपए की रसीद काटकर बैठने की अनुमति प्रदान कर देते हैं। इसी तरह प्रदेश के ज्यादातर लोगों को श्रीनगर और काश्मीर की सैर करने के लिए पहले दिल्ली, जम्मू और उधमपुर जाने के बाद दूसरे संसाधन का उपयोग करना पड़ रहा था। अब तक उधमपुर से श्रीनगर को जोड़ने के लिए कोई रेल लाइन नहीं होने के कारण लोगों को ट्रेन की सुविधा भी नहीं मिल पा रही थी। रेल प्रशासन ने कुछ दिन पहले अंजी ब्रिज के साथ विश्व का सबसे बड़ा ब्रिज चिनाब बनाकर इतिहास रचते हुए लोगों को अब श्रीनगर तक सीधे रेल कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान कर दी है।

### घंटों समय की होगी बचत

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार उधमपुर से श्रीनगर परियोजना के पश्चात अब कई सालों का इंतजार खत्म हो जाएगा। जम्मू से श्रीनगर के बीच वंदेभारत चलने से कई घंटों के समय की बचत होगी। कटरा से श्रीनगर का सफर तीन घंटे में तय हो जाएगा। वर्तमान में सड़क से सफर करने में 7 घंटे लगते हैं। वंदेभारत को कटरा से श्रीनगर के बीच चलाने की योजना बनाई गई है। वर्तमान में वैली से श्रीनगर से लेकर संगलदान तक ट्रेनों का आवागमन होता है। अब संगलदान से कटरा तक रेल लाइन चालू होने के बाद इन ट्रेनों को कटरा तक चलाया जा सकता है।

### उधमपुर से श्रीनगर तक सात स्टेशन

जानकारी के अनुसार जम्मू से उधमपुर तक 55 किलोमीटर का रेल मार्ग वर्ष 2005 में, काजीगुंड से बारामुला सेक्शन 118 किलोमीटर का सेक्शन जिसमें अनंतनाग से मझोम 68 किलोमीटर 11 अक्टूबर 2008 को, मझोम से बारामूल 32 किलोमीटर 14 फरवरी 2009 को और काजीगुंड से अनंतनाग 18 किलोमीटर का सेक्शन 24 अक्टूबर 2009 को रेल लाइन के लिए शुरु कर दिया गया है। इसी तरह उधमपुर से श्रीनगर और श्रीनगर रेल लिंक परियोजना अंतर्गत उधमपुर से कटरा सेक्शन 25 किलोमीटर की ओपनिंग 4 जुलाई 2014 को करा दी गई है। इस मार्ग पर सात स्टेशन रियासी, बक्कल, डग्गा, सावलकोट, सांगलदान, सुम्बर और खारी बनाए गए हैं, जहां से होकर ट्रेन श्रीनगर तक पहुंचेगी।



बिलासपुर, मंगलवार 1 अप्रैल 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# व्रती महिलाओं ने श्याम मंदिर में किया गणगौर का विसर्जन

मारवाड़ी समाज की महिलाओं द्वारा की जा रही गणगौर पूजा का सोमवार को समापन हुआ। व्रतियों ने अपने परिवार सहित घोंघाबाबा मंदिर परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में जाकर गणगौर का विसर्जन किया। श्रद्धालु भक्त बड़ी गणगौर को बाजे-गाजे के साथ लेकर पहुंचे। इसका विधि-विधान से पूजा कर विसर्जित की गई।

**व्रत शिव-पार्वती को रहा समर्पित, 16 दिन से की जा रही पूजा का हुआ समापन**



**बिलासपुर।** श्री श्याम मंदिर के अध्यक्ष मंगतराय अग्रवाल ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गणगौर विसर्जन का कार्यक्रम श्री श्याम मंदिर परिसर में रखा गया। विसर्जन व्यवस्थित हो इसका पूरा ध्यान रखा गया। इसकी पूर्व से ही तैयारी कर ली गई थी। इस आयोजन को लेकर मारवाड़ी समाज की महिलाओं में काफी उत्साह रहता है। सोमवार को लगभग एक हजार व्रती महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर अपने परिवार के साथ आकर मंदिर परिसर में तैयार श्याम कुण्ड में विधि-विधान से गणगौर का विसर्जन किया। उन्होंने बताया कि गणगौर व्रत का मारवाड़ी समाज में विशेष महत्व होता है। इस पूजा को होली के दूसरे दिन से शुरू कर हर दिन तीन टाइम पूजा कर भोग लगाए जाते रहे। यह व्रत, पूजा भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित होता है। इस पूजा को करने से भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त होता है।



## गणगौर बिठा कर बोए गए जवारा

श्रेया खंडेलवाल अग्रसेन चौक, माही मोदी भारतीय नगर एवं खुशी सिंघल विनोबा नगर ने संयुक्त रूप से बताया कि यह उनकी पहली गणगौर पूजा थी। इस पूजा को करने में उन्हें बहुत मजा आया। पूरे 16 दिन चलने वाली इस पूजा को महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए करती हैं। कुंवारी कन्याएं भी इस व्रत को रखी। मान्यता है कि इससे उन्हें मनचाहा वर मिलता है। इस पूजा में व्रती गणगौर बिठाती हैं। जवारा बोती हैं। आने वाले वर्ष में वे इसे दुगने उत्साह से करेंगी।

## गीतों की होती रही गूंज

विसर्जन के दौरान गीत- आया रे आया चैत का महीना और गणगोर का त्यौहार.., शिव-गौराजी का रहे हमेशा सभी के सिर पर हाथ..,चलो सखियों, मिल सिंधारा करें और नई ब्यावलियों का लाड मनुहार, लजीज व्यंजन का आनंद लें और मनाएं मिलजुल कर ये त्यौहार...की गूंज होती रही।



## गणगौर का सिंधारा आज

अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई बिलासपुर द्वारा हिन्दू नववर्ष और गणगोर का सिंधारा निम्बार्क भवन में 1 अप्रैल को मनाया जाएगा। जिसमें गणगौर तंबोला, हाउजी, श्लोक या कविता बोलो प्रतियोगिता कराई जाएगी। इसमें 2 मिनट का समय दिया जाएगा। गणगौर के यादगार पलों की एक मिनट की रील 30 मार्च तक बनाकर भेजना है। पंचुअल्टी का समय सवा 3 से साढ़े 3 बजे के बीच रहेगा। यह जानकारी संस्था की प्रदेश अध्यक्ष आशा अग्रवाल ने दी।

## अगले वर्ष फिर आने के वायदे के साथ गणगौर की विदाई



राजस्थान के सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार गणगौर का आज तीज के अवसर पर विदाई की गई, राजस्थानी परिवारों की नवविवाहित बेटियों व बहुओं द्वारा अपने पति की लंबी आयु के लिए तथा कुँवारी कन्याओं द्वारा अच्छे पति कामना से होलिका के बिटकोले की राख व गोबर से तैयार पिंडी स्वरूप तथा शीतला सप्तमी के दिन कुम्हार के घर से मिट्टी लाकर बनाई गई। पांच मूर्तियां की 17 दिनों की विधिवत पूजा के बाद आज शाम चैत्र शुक्ल तृतीया गणगौर तीज के दिन अंतिम पूजन कर शाम को श्री श्याम मंदिर प्रांगण में विधिविधान से विदाई की गई। सन्मति विहार स्थित सरिता राजेश अग्रवाल की सुपुत्री खुशबू मनीष गोयल एवं शुभमविहार स्थित जे पी हाईट्स निवासी निशा ललित अग्रवाल की पुत्रवधू हनी मयंक अग्रवाल, निशा अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, सविता अग्रवाल केडिया सहित बड़ी सँख्या में उपस्थित राजस्थानी मारवाड़ी महिलाओं व युवतियों ने गणगौर का पूजन विधि-विधान से विदाई की।

## उद्यापन कर दी गई सुहाग सामग्री

माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने गणगौर पूजा को श्रध्दा-भक्ति से पूर्ण किया। शाम को श्याम मंदिर में जाकर विसर्जन किया। कृष्णा टावरी के निवास में पूजा, भोग लगा कर आरती की गई। सुहाग की कामना कर अगले साल के लिए प्रार्थना की गई। शादी के बाद पहला गणगौर पूजने वाली अनुष्का भूतड़ा, मेघा भट्टर, आयुषि भण्डारी एवं शिखा राठी ने 16 दिन तक गणगौर पूजा कर लायंस भवन में इसका उद्यापन कराया।



इसमें सुहागन को भोजन करा कर सुहाग की पिटारी दी गई। इस मौके पर समाज की अध्यक्ष विनीता माहेश्वरी, कृष्णा, सीमा, किरण, सुधा, ख्याति, सौम्या, नीता, नीलम, अंजना, पूजा, ममता, सरोज, ज्योति, शीला की उपस्थिति रही।

**धर्म-क्षेत्र**

## सुहागिन महिलाओं ने की पूजा प्रसाद का किया वितरण



**बिलासपुर।** नवरात्रि के पावन पर्व से पूरे शहर में भक्तिमय माहौल है, सभी देवी मंदिरो में विशेष आराधना और पूजा-अर्चना की जा रही है। इसी क्रम में महिलाओं द्वारा किए जाने वाली सुहागले पूजा का विशेष महत्व है। इसके माध्यम से सुहागिन महिलाएं अपने पति, संतान और परिवार के सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। मंगला के अभिषेक नगर फेस 1 स्थित ओम्कारेश्वर शिव मंदिर परिसर मे कालोनी की महिलाओं ने सुहागले पूजा का आयोजन किया। पूजा में महिलाओं ने भाग लिया और पूरे विधि-विधान के साथ कथा सुनकर पूजा संपन्न की। यह आयोजन नवरात्रि के दौरान विशेष रूप से किया जाता है, जिसमें सौभाग्यवती महिलाएं व्रत रखकर अवसान देवी की कथा सुनती हैं और परिवार की मंगलकामना करती हैं। पूजा के बाद महिलाओं को सुहाग सामग्री, मिठाई और प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान महिलाओं ने मिठाई, गुड़, छिले चने देवी मां को अर्पित किए और पूरे श्रृंगार में माता रानी की आराधना की। नवविवाहित जोड़ों ने भी इस पूजा में हिस्सा लिया और खुशहाल दांपत्य जीवन की कामना की। सभी व्रती महिलाओं का मानना है कि सच्ची श्रद्धा और आस्था के साथ सुहागले पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। नवरात्रि के पावन दिनों में यह पूजा हर सुहागिन के लिए विशेष महत्व रखती है।

**स्पर्धा**

## मराठी परिधान में आने वाली महिलाओं की कराई गई प्रतियोगिता, ऋचा रही प्रथम



**बिलासपुर।** जीजा माता मराठा महिला मंडल ने चैत्र प्रतिपदा पर मराठी परिधान में आने वाली महिलाओं के बीच एक प्रतियोगिता रखी गई। इसमें प्रथम ऋचा ठाकरे, द्वितीय किरण मुले रही। इन विजेताओं को गिफ्ट दिया गया। कार्यक्रम के आरंभ में आई तुलजा भवानी मंदिर में उपस्थित महिलाओं ने तुलजा माता से आशीर्वाद लिया। पूरे मंदिर में रंगोली सजा कर दीए जलाए। गुडी की तैयारी कर गौरी गणेश रखकर हल्दी-कुमकुम, पीला चावल, नारियल अर्पित कर मिठाई का भोग लगाया। महिलाएं एक-दूसरे को कुमकुम लगाकर नए साल की बधाइयां दी। इस मौके पर मंडल की अध्यक्ष राखी जाधव, लक्ष्मी वॉशिंग, भारती, वसुधा कदम, वीणा भोसले, रोशनी महाडक, मनीषा भोसले, सुनीता वॉशिंग, प्रीति कदम रीना, किरण, अंजना, राखी गायकवाड, भोसले दंपति उपस्थित थे।

**आयोजन**

## स्वंयसेवकों का स्वच्छता अभियान तालाबों की हुई सफाई



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज कुमार सिंहा के निर्देशन में तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस क्रम में रतनपुर के कृष्ण अर्जुनी तालाब में स्वयं सेवकों द्वारा भव्य स्वच्छता अभियान चलाया गया। 400 वॉलेंटियर विभिन्न कॉलेज और स्कूल से एकत्रित होकर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री तोखन साहू की उपस्थिति में डीपी विप्र महाविद्यालय, सीएमडी महाविद्यालय, डीएलएस, एसबीटी, शासकीय महाविद्यालय मदन लाल शुक्ल सीपत जेपी वर्मा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय ई राघवेंद्र महाविद्यालय बिलासपुर सहित कई स्वयं सेवी संस्थाओं के कार्यकर्ता के साथ मिलकर तालाब का सफाई किए। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि स्वच्छता हर दिन हो, यह हर नागरिक की जिम्मेदारी हैं, तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान के दूसरे दिन साइंस कॉलेज मैदान का सफाई स्वयं सेवकों द्वारा किया गया, इस समारोह और तृतीय दिवस पर बिलासा ताल कोनी और उसके आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर जागरूकता का संदेश दिए।

# उगादि पर्व पर आमंत्रित कलाकारों ने बांधा समां



**बिलासपुर।** श्रीश्री सोलापुरी माता पूजा समिति द्वारा इस वर्ष भी धूमधाम से तेलुगू नववर्ष उगादि मनाया गया। इसमें समाज के प्रतिभावान कलाकारों, दक्षिण भारत से आमंत्रित अभिनेत्री एवं गायिका अनुराधा ने सुमधुर गीत प्रस्तुत किया। जीएस पटनायक ने भी अनुराधा का साथ देते हुए तेलुगु एवं हिंदी गीत पेश किया।

रजत जयंती समारोह का शुभारंभ रेलवे नॉर्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट मैदान के सामने स्थित हैंडबॉल ग्राउंड में सुबह दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष वी रामाराव और सचिव एस सांई भास्कर ने बताया कि यहां पूजा पाठ के साथ दक्षिण भारतीय पुजारी ने पंचांग देखकर सभी जातकों के राशि वर्ष फल का वर्णन किया। इसके बाद यहां खेलकूद, विवाहित-अविवाहित महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसके विजेताओं को संध्याकालीन समारोह में पुरस्कृत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक थे। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के चैयरमेन प्रिंस भाटिया, सिम्स के डीन डॉ रमणेश मूर्ति, डॉ मधुलिका, जीएस पटनायक, डॉ अरुण पटनायक अतिथि के तौर पर शामिल हुए। समारोह में समाज के प्रतिभावान बच्चों, हावर्ड यूनिवर्सिटी में व्याख्यान देने वाले डॉ अरुण पटनायक, बीके राव नाट्य मंचन, तेलुगु समाज के नन्हे सांई कुमार तबला वादक, समाज के वयोवृद्ध दंपती श्री एवं श्रीमती एनबी राव, श्री एवं नरसिम्हा राव, श्री एवं श्रीमती एम बालाजी का सम्मान किया गया।

## विविधता में एकता के होते हैं दर्शन

मुख्य अतिथि श्री कौशिक ने कहा कि बिलासपुर में विविधता में एकता के दर्शन होते हैं। यहां भारत के अलग-अलग प्रान्त से आकर लोग अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेज कर रखे हुए हैं, जिसके दर्शन समाज के कार्यक्रमों में होता है। अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। आयोजन समिति का अध्यक्ष वी रामाराव ने बताया कि उगादि वह अवसर है जो सबको एक स्थान पर मिलने का अवसर देता है। समाज के प्रतिभावान बच्चों को मंच प्रदान करना भी इस आयोजन का बड़ा उद्देश्य है।

# संसार की सबसे श्रेष्ठ रचना माता पिता, इनकी सेवा का फल तीर्थ के बराबर

सुभाष चौक स्थित श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन मां श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का पूजन श्रृंगार ब्रह्मचारिणी देवी के रूप में किया गया। प्रातः कालीन श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती देवी का श्रीसूक्त षोडश मंत्र द्वारा दूधधारियापूर्वक अभिषेक, परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का श्रृंगार, पूजन, सिद्धिविनायक का पूजन श्रृंगार किया गया।

पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि श्रीमद् देवी भागवत महापुराण आयु, आरोग्य, पुष्टि, सिद्धि एवं आनंद कथा मोक्ष प्रदान करने



वाला दिव्य ग्रंथ है। देवी भागवत एक अत्यंत गोपनीय पुराण है, जिसका वर्णन सर्वप्रथम भगवान शिव ने महात्मा नारद के लिए किया। पूर्वकाल में उसे फिर स्वयं भगवान व्यास ने भक्तिनिष्ठ महर्षि जैमिनि के लिए श्रद्धापूर्वक कहा और फिर उसी को वर्तमान में प्रेषित किया जाता है। इसके श्रवण करने तथा पाठ करने में समस्त प्राणियों को पुण्य प्राप्त होता है। जनकल्याण एवं प्रदेश-देश की खुशहाली समृद्धि विश्व शांति की कामना से पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्री पीतांबरा पीठ कथा मंडप से कथा व्यास आचार्य मुरारी लाल त्रिपाठी राजपुरोहित ने बताया कि संसार की सबसे श्रेष्ठ रचना माता पिता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए जिससे व्यक्ति को अनेक तीर्थ स्थान के दर्शन का फल प्राप्त होता है।

## सराफा एसोसिएशन ने सनातन विभूतियों का किया सम्मान



सराफा एसोसिएशन द्वारा सराफा वार्षिकोत्सव एवं चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू नव वर्ष उत्सव मनाया गया। विशाल सनातन शोभा यात्रा के भव्य स्वागत का आयोजन गोल बाजार चौक से सिम्स चौक तक बिलासपुर सराफा एसोसिएशन द्वारा किया गया है। शोभायात्रा के समक्ष श्याम सदर सराफा काम्प्लेक्स सदर बाजार में सम्मान किया गया। इसमें सनातन विभुतियाँ मंगतरायजी अग्रवाल, प्रबल प्रताप सिंह जुदेव, अब्बास कपासी, महेन्द्र जैन, विनोद सोनी का किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष कमल सोनी,कार्यवाहक अध्यक्ष सुशील सोनी एवं श्रीकांत पाण्डेय,सचिव अजय सराफ कोषाध्यक्ष राहेश शाह तथा जितेन्द्र सोनी, नवनाथ, मनु सोनी आदि उपस्थित रहे।

## झूलेलाल बहाराणा साहब की ज्योत नदी में विसर्जित की



सिंधी समाज के नव वर्ष चेट्रीचंड्र महोत्सव पर सिंधी समाज के इष्ट देवता लाल साईं झूलेलाल की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा नारियल फोड़कर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। जैसे बिलासपुर में चारों तरफ आयो लाल झूलेलाल का मेला लगा रहा। समाज ने पूरे बिलासपुर को झालर से जगमग कर दिया अंत में जल के वरुण देवता झूलेलाल की ज्योत विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ तालाब में विसर्जित की गई। इस शोभायात्रा में सफल बनाने में पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत, सिंधी युवक समिति, सिंधी सेंट्रल युवा विंग, सिंधी सेंट्रल महिला विंग सहित समस्त बिलासपुर सिंधी समाज का सहयोग रहा।

**कार्यक्रम**

## बच्चों ने क्लासिकल एवं वेस्टर्न गानों की दी प्रस्तुति, 60 बुजुर्गों का किया सम्मान

**बिलासपुर।** शिव-पार्वती गार्डन, बंधवापारा तालाब, ईशिका पार्क हेमूनगर में हिंदू नववर्ष के दिन डॉ जीएस पटनायक, कु. अनुराधा, एसपी बालसुब्रमण्यम की आवाज में धनयंजय, सी चन्द्रशेखर ने तेलुगू आर्केस्ट्रा, समाज के बच्चों ने क्लासिकल एवं वेस्टर्न गानों की प्रस्तुति दी। तेलुगू संयुक्त समाज के कल्याण समिति के कोषाध्यक्ष जी रविकन्ना ने बताया कि विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी ने दीप प्रज्वलन किया। इसके बाद पंडितजी ने पूजा पाठ विधि विधान से कर आने वाले साल का पंचांग देखकर हर राशि के स्थिति के बारे में बताया। इसके बाद विशिष्ट अतिथि ने लगभग 60 बुजुर्ग दंपतियों को शॉल, श्रीफल से सम्मान किया। वहीं खेलकूद, रंगोली, म्यूजिकल चेयर, नंबरिंग वाला, पहली से पांचवीं इन ऑउट प्रतियोगिता के विजेताओं एवं उच्च अंक प्राप्त बच्चों का सम्मान पत्र देकर सम्मान किया गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। आयोजन को सफल बनाने में तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सहयोग रहा।



**स्पोर्ट्स न्यूज**

# फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में आज से शुरू होगा पावर प्ले क्रिकेट समर कैंप

**बिलासपुर।** शहर में बच्चों तथा युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता लाने फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में 1 अप्रैल से 50 दिन का पावर प्ले क्रिकेट समर कैंप प्रारंभ होने जा रहा है। 18 मई तक चलने वाले समर कैंप में सभी आयु वर्ग के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट कोच के द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। पावर प्ले क्रिकेट समर कैंप में हाई टेक्नोलॉजी के अत्यधुनिक मशीनों के द्वारा जहां बच्चों को क्रिकेट के गुर सिखाए जाएंगे। बैटिंग बॉलिंग तथा क्षेत्ररक्षण के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों के द्वारा खिलाड़ियों को नई टेक्नोलॉजी के साथ क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में क्रिकेट में नर्सरी लेवल




**अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा सिखाए जाएंगे क्रिकेट के गुर**

पर कोचिंग के साथ ही, क्रिकेट के नये टेक्नोलॉजी इक्विपमेंट के माध्यम से सभी आयु वर्ग के बच्चों को वेटिंग तथा बॉलिंग के साथ ही क्षेत्ररक्षण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बालिकाओं को भी क्रिकेट के खेल में आगे लाने के लिए यहां विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाता है। गौरव पथ रिंग रोड 2 में भाटिया फ्यूल्स में फाउंडेशन क्रिकेट मैदान में प्रतिदिन सुबह 7 से 9 तथा शाम 4 बजे से 6 बजे तक समर कैंप में क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी में हर साल की तरह इस बार भी 50 दिनों तक समर कैंप में क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। और समर केंप के आखिरी दिनों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों की टीम बनाकर मैच भी कराए जाते हैं। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए अवार्ड भी दिए जाएंगे। पिछले 9 सालों से यहां पर क्रिकेट के प्रशिक्षण के साथ ही हर साल गर्मी की छुट्टी में समर कैंप का आयोजन भी किया जाता है। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान से अब तक राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट खिलाड़ी पिछले 9 सालों में शहर के कई राज्यों में क्रिकेट के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी के रूप में नाम रोशन कर रहे हैं।



## अंडर 16 वर्ग के खिलाड़ियों का ट्रायल 5 को

क्रिकेट संघ बिलासपुर के लिए अंडर 16 वर्ग का ट्रायल आधारशिला विद्या मंदिर स्कूल कोनी के मैदान में 5 अप्रैल को किया जाएगा। प्रदेश क्रिकेट संघ के तत्वावधान में वर्ष 2025-26 के लिए अंडर 16 ट्रायल का आयोजन किया जाना है। इसके लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर के द्वारा 5 अप्रैल को कोनी रमतला स्थित आधारशिला विद्या मंदिर स्कूल मैदान में सुबह 8 बजे ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। ट्रायल में 1 सितम्बर 2009 से 31 अगस्त 2011 तक की जन्मतिथि वाले खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। अंडर 16 ट्रायल में खिलाड़ियों को अपने सभी दस्तावेज जिसमें 6 साल तक यानि पांचवीं आठवीं की स्कूल की मार्कशीट, मैन्यूअल और डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, पीवीसी आधार कार्ड के साथ में पासपोर्ट साइज फोटो एवं 500 रुपए फीस के अलावा खिलाड़ियों को स्वयं के किट बैग व सफेद ड्रेस में आना अनिवार्य है। सभी दस्तावेज की ओरिजनल कॉपी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के समय लाना होगा, जिससे सभी दस्तावेज को स्कैन किया जा सके। इसका आनलाइन रजिस्ट्रेशन क्रिकेट संघ बिलासपुर के कार्यालय सरजू बगीचा में किया जाएगा। वहीं ट्रायल के दौरान सभी खिलाड़ियों का क्रिकेट स्किल, मेंटल स्किल फिजिकल, टेस्ट बल्लेबाजी, गेंदबाजी के प्रदर्शन को परखने के बाद ही खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।



## झारखंड के चरण बने जूनियर चैम्पियन ऑफ चैम्पियन

दो दिवसीय 15वीं राष्ट्रीय जूनियर मास्टर दिव्यांग बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में झारखंड के चरण सुंडी जूनियर वर्ग में चैम्पियन आफ चैम्पियन का खिताब जीता। वहीं दिव्यांग कैटेगेरी में प्रथमेश और महाराष्ट्र के फिजोज शेख प्रथम स्थान पर रहे। प्रदेश बॉडी बिल्डिंग संगठन एवं जिला बॉडी बिल्डर संगठन नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट और मंडल रेलवे खेल संघ के तत्वावधान में 15 वीं जूनियर मास्टर एवं दिव्यांग बॉडी बिल्डिंग राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। 27 राज्यों की टीम के 350 से अधिक खिलाड़ी, 50 आफिशियल्स ने हिस्सा लिया। दो दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर के जजों ने परिणाम घोषित किया, पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, अकलतरा विधायक राघवेन्द्र सिंह, महापौर पूजा विधानी, प्रदीप झा, मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल सहित अन्य शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### गौरेला वार्ड 10 में आरसीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**गौरेला।** नगरपालिका परिषद गौरेला के वार्ड 10 में आरसीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे एवं उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा ने किया। वर्षों से की जा रही सड़क निर्माण का कार्य जल्द ही प्रारंभ होगा जिससे वार्ड में आवागमन की सुविधा होगी, सड़क की समस्या से वार्ड वासी परेशान थे जिसका निदान जल्द ही होगा। इस अवसर पर मुकेश दुबे ने कहा कि हम नगर के वार्डो में पार्षदों के साथ घूम घूम कर समस्या से अवगत हो रहे हैं और विकास का रोड मैप तैयार कर रहे है, सभी कार्यों को प्राथमिकता में आधार पर पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा नेता कुलदीप सिंह धीरज, रामप्रकाश सिंह, सचिन जैन, तापस शर्मा, पार्षद आयुष सोनी, संदीप भट्ट, पूर्व पार्षद लालसिंह, रब्बी, अमृत सूर्यवंशी, अभिषेक माइकल, नरेश यादव, कैलाश सोनी, राजेंद्र सूर्यवंशी, सेवा सिंह धुर्वे सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी मौजूद थे।

### राजपूत क्षत्रिय समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**लोरमी।** वीर राणा सांगा को लेकर सपा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर क्षत्रिय समाज में गहरा आक्रोश है। समाज ने इस बयान को वीरता और स्वाभिमान का अपमान बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई है। राजपूत युवा मोर्चा लोरमी के अध्यक्ष संजय सिंह राजपूत ने कहा कि राणा सांगा भारत के उन वीर शासको में से एक थे जिन्होंने अपने पराक्रम और युद्ध कौशल से मुगलों और विदेशी आक्रमणकारियों को कांपने पर मजबूर कर दिया था। उनके शरीर पर 80 से अधिक घाव थे ,एक हाथ और एक आंख खो चुके थे फिर भी उन्होंने युद्ध भूमि नहीं छोड़ी। ऐसे में सपा सांसद के बयान को लेकर समाज में जबरदस्त आक्रोश है। समाज के युवा वर्ग का कहना है कि इतिहास के गौरवशाली योद्धाओं का अपमान किसी भी रूप में बर्दाशत नहीं है। यह बयान केवल एक वीर महापुरुष का नहीं बल्कि संपूर्ण क्षत्रिय समाज की वीरता और अस्मिता का अपमान है। इस विषय को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। और सपा सांसद पर कानूनी कार्यवाही के लिए मांग की गई। इस अवसर पर शेर सिंह, सुदर्शन सिंह ,महावीर सिंह , रामकुमार सिंह, बलराज सिंह, उमेश सिंह ,अनूप सिंह ,अनिल सिंह ,नरेंद्र सिंह, कुश सिंह, जयप्रकाश सिंह ,गणेश सिंह, अर्जुन सिंह ,अरविंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

### करणी सेना व हिन्दू संगठन ने जलाया सांसद का पुतला



**मुंगेली।** पूरे देश में आगरा के सांसद सुमन द्वारा सनातन धर्म के महान योद्धा राणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान का विरोध बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में आज मुंगेली में राजपूत करणी सेना एवं सर्व हिंदू संगठनों के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। महाराणा प्रताप पड़ाव चौक पर बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग एकत्रित हुए और सांसद सुमन के विरोध में नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने सांसद सुमन का पुतला दहन कर विरोध प्रकट किया और चेतावनी दी कि यदि ऐसे बयान जारी रहे तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वे किसी भी कीमत पर अपने महापुरुषों का अपमान सहन नहीं करेंगे। उन्होंने मांग की कि सांसद सुमन सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, अन्यथा विरोध प्रदर्शन और उग्र होगा। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन भी अलर्ट मोड में रहा। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से भी मांग की कि वह इस मामले को गंभीरता से ले और सांसद सुमन पर उचित कार्रवाई करे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जल्द ही संतोषजनक कदम नहीं उठाए गए तो राज्यभर में विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। विरोध प्रदर्शन में विभिन्न हिंदू संगठनों के नेता, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। माहौल में जोश और आक्रोश दोनों देखने को मिला।

### हास्य कवि सम्मेलन 5 को, तैयारी शुरु

**लोरमी।** नगर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन 5 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से थाना ग्राउंड में किया जाएगा। आयोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। सम्मेलन में देशभक्ति ओज वीर रस के देश क़े सुप्रसिद्ध कवि डॉ वेदव्रत वाजपेयी लखनऊ से, हास्य परिहास से सबको गुदगुदाने हास्य रस के सुप्रसिद्ध कवि सुरेंद्र यादवेंद्र राजस्थान से, अतुल ज्वाला इंदौर से मंच संचालक शशिकांत यादव एमपी से ,सुमधुर गीतकार रमेश विश्वहार रायपुर से, श्रृंगार रस की कवियत्री पद्मिनी शर्मा दिल्ली से, ओजस्वी संयोजक कवि देवेंद्र परिहार अपनी कविता लोगो को श्रवण कराएंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए आकाश केशरवानी, विश्वास दुबे, प्रशांत शर्मा, नरेंद्र खत्री, गेन्देश डड़सेना, नगरवासी आदि जुटे हुए हैं।

## संकरे पुल पर भारी वाहनों के गुजरने से रोज लगता है जाम

# नहीं हो रहा बाईपास का उपयोग, मनियारी पुल पर बढ़ा दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

तखतपुर व बरेला को जोड़ने वाले मनियारी पुल के जर्जर होने के बाद भी इस पर भारी वाहन सरपट दौड़ रहे हैं। भारी वाहन चालक बरेला बाईपास का उपयोग नहीं कर रहे, इसलिए इस पुल पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। ट्रैफिक बढ़ने और भारी वाहनों के गुजरने के कारण वर्षों पुराना जर्जर पुल और जर्जर होने लगा है। इसके साथ ही दुर्घटना की संभावना भी बढ़ गई है। पुल इतना संकरा है कि इस पर एक बार में सिर्फ एक ही भारी वाहन गुजर पाता है।

- एक बार में गुजर पाता है एक ही वाहन, बनी रहती है दुर्घटना की संभावना

जर्जर मनियारी पुल पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ता देख अब क्षेत्र के ग्रामीण इसके चौड़ीकरण की मांग करने लगे हैं। समाज का एक तबका यह भी कहता है कि भारी वाहनों के लिए बाईपास मार्ग का विकल्प है, तो उसका किया जाना चाहिए। प्रशासन को चाहिए कि भारी वाहनों को बरेला बाईपास में डायवर्ट करने ठोस कदम उठाए। बरेला बिजली ऑफिस के सामने से बाईपास मार्ग है जो सीधा बेलसरी होते हुए बिलासपुर मेन रोड के लिए निकलता है पर भारी वाहन चालक इस बाईपास मार्ग का उपयोग नहीं करते हैं। भारी वाहन चालक अपनी सुविधा को देखते हुए बरेला से मनियारी पुल होते हुए तखतपुर नगर में प्रवेश करते हुए निकलते हैं। बरेला पुल से तखतपुर बस स्टैंड तक पर आए दिन भारी वाहनों के कारण जाम लगा रहता है जिसके कारण ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है। लिहाजा आम राहगीरों के साथ व्यापारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



तखतपुर नगर में भारी वाहन के चलने से लगा जाम।

**संकीर्ण पुल, जर्जर रेलिंग और वाहनों का दबावः** बरेला से बिलासपुर जाने के लिए मनियारी पुल पार करना पड़ता है। चूंकि तखतपुर शहर में आसपास के लोग मनियारी पुल पार करके मार्केट जाते हैं। बरेला से तखतपुर पहुंचने तक पांच मिनट का रास्ता तय करने में आधे घंटे लग जाते हैं। संकीर्ण पुल होने के कारण केवल एक ही वाहन पुल से पार हो सकता है। नतीजन पैदल चलने वाले राहगीरों के वाहन के चपेट आने की संभावना बनी रहती है। इतना ही नहीं पुल की रेलिंग जर्जर होने के साथ छोटी होने के कारण भी दुर्घटना हो सकती है।

**पुल पार करना खतरे से खाली नहींः** मुंगेली से बिलासपुर से जोड़ने वाले एनएच सड़क पर बने मनियारी पुल को पार करना खतरे से खाली नहीं है। पुल संकीर्ण होने के साथ छोटा भी है जिनके कारण बरसात के दिनों में बाढ़ में अक्सर पुल डूब जाता है। लोगों का कहना है कि सड़क पर का गड्ढे को भरा गया है। कुछ गड्ढे भरे गए हैं पर जब तक एक लेयर डामरीकरण नहीं किया जाएगा तब तक परेशानी बनी रहेगी। सड़क मरम्मत कर मजह खानापूर्ति की गई तो नतीजन कुछ दिनों में स्थिति फिर खराब हो जाएगी।

### होगा बाईपास निर्माण

जरेली से बरेला तक की 7.2 किलोमीटर लंबे बाईपास का निर्माण किया जाना है। कुछ लोगों का मुआवजा नहीं मिल पाया है। मनियारी पुल पर डामरीकरण का पूरा लेयर चढ़ाया जाएगा।

-**नरेंद्र खांडे**, सब इंजीनियर, पीडब्ल्यूडी, बिलासपुर

### व्यवस्था बनाई जाए

बरेला से भथरी होते हुए तखतपुर बेलसरी मोड़ से बिलासपुर मेन रोड पहुंचने के लिए बरेला बाईपास है। सड़क निर्माण संबंधित मुआवजा दिया जा चुका है। एनएच विभाग बता पाएगा कब तक सड़क बना पाएंगे। फिलहाल जरहागांव तथा तखतपुर बाईपास सड़क पर ट्रैफिक को लेकर व्यवस्था बनाई जाए, ताकि नगर में भारी वाहन से लोगों को कोई परेशानी न हो।

-**पार्वती पटेल**, एसडीएम, मुंगेली

### शासन को भेजी जानकारी



बरेला पुल से तखतपुर के अंतिम छोर तक जहां-जहां गड्ढे थे उसकी मरम्मत की जा चुकी है। शासन को बाईपास से बड़े वाहनों का आवागमन शुरू कराना चाहिए। नगर से भारी वाहन प्रवेश तुरंत ही बंद होना चाहिए। जर्जर मनियारी पुल को बनाया जाना अनिवार्य है। इसके लिए शासन तक जानकारी भेजी गई है। पुल की रेलिंग को जल्द ठीक किया जाना चाहिए।

-**धर्मजीत सिंह**, विधायक तखतपुर

### रात में हो प्रवेश वर्जित



बरेला तथा तखतपुर के मध्य मनियारी पुल की हालत खराब है। भारी वाहनों के पुल के पार होने से जाम लगना शुरू हो जाता है। बस स्टैंड पर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। उक्त समस्या को लेकर व्यापारियों व नगरवासियों के साथ थाना तथा एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन दिया जा चुका है। जब तक बाईपास की सुचारू रूप से शुरुआत नहीं होगी तब तक भारी वाहनों को प्रातः 8 से रात्रि 9 बजे तक नगर में प्रवेश वर्जित रखने की मांग की गई है।

-**डॉ रविंदर कौर मक्कड़**
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद तखतपुर

### प्रभावित हो रहा व्यापार



तखतपुर नगर का मुख्य मार्ग बहुत ही जर्जर स्थिति में है। धूल के गुबार के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। हैवी गाड़ियों का बहुत ज्यादा दबाव होने के कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती है। व्यापार भी इसके कारण बहुत प्रभावित हो रहा है। शासन प्रशासन को इस पर तुरंत संज्ञान लेकर बाईपास तत्काल शुरू कराया जाना चाहिए।

-**अनिल सिंह ठाकुर**
अध्यक्ष व्यापारी महासंघ तखतपुर

### रिपेयरिंग से मिली थोड़ी राहत



सड़क की रिपेयरिंग से थोड़ी राहत मिली है। तखतपुर मनियारी नदी पर बने पुराने पुल पर पूरे एक लेयर डामरीकरण की आवश्यकता थी। भारी वाहनों के लिए नगर के बाहर बाईपास का विकल्प होने के बाद भी किसी जिम्मेदार अधिकारी या जनप्रतिनिधियों का ध्यानाकर्षण नहीं हो रहा है। भारी वाहनों से आए दिन कोई ना कोई दुर्घटना घट रही है, फिर भी प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

-**हनीफ अहमद**, व्यापारी, बरेला

### लगता रहता है जाम



तखतपुर नगर में खास कर बस स्टैंड पर भारी वाहनों के कारण जाम लगा रहता है। आम लोगों के अलावा व्यापारी बहुत परेशान रहते हैं। नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष ने ट्रैफिक को लेकर पहल की थी कि सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक नगर से भारी वाहन को अनुमति नहीं दी जाए पर अब तक इस पर अमल नहीं हो पाया है।

-**राजकुमार शिवहरे**, अध्यक्ष, किराना संघ तखतपुर

### लगाएं पुलिस कर्मियों की ड्यूटी



बरेला नगर पंचायत बनने के बाद रोजाना नई नई दुकानें खुल रही हैं, जिसके कारण लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है। बिजली ऑफिस के सामने से बाईपास सड़क है पर भारी वाहन वहां से नहीं जाते, नतीजतन भारी वाहनों के कारण पेट्रोल पंप के पास आए दिन दुर्घटना होती रहती है। भारी वाहनों से ट्रैफिक का दबाव बढ़ने के साथ सड़के जल्दी खराब होती है। पूर्व में इस विषय को लेकर थाना में जानकारी दी जा चुकी है कि बायपास सड़क के पास कुछ पुलिसकर्मियों को मौजूद रहकर वाहनों को डायवर्ट कराना चाहिए।

-**नरेश पटेल**, अध्यक्ष, नगर पंचायत, बरेला

### नए पुल का हो निर्माण



बरेला मेन रोड की जर्जर हालत और पुराने मनियारी पुल की खस्ता हाल है। हमने छग शासन एवं क्षेत्र के मंत्री-विधायक को इस संबंध में अवगत कराया है। बरेला से तखतपुर मनियारी पुल पर नया पुल निर्माण और भारी वाहन नो एंट्री होना चाहिए ताकि जनता को किसी प्रकार दुर्घटना का सामना ना करना पड़े। बरेला तखतपुर मेन रोड का चौड़ीकरण होना चाहिए।

-**राकेश सिंह बैस**, व्यापारी, बरेला

# नमाज के बाद लोगों ने दी एक-दूसरे को ईद की बधाई

**तखतपुर।** खुदा की इबादत का अंजाम अक्सर खुशियों से भरा होता है। ऐसा ही खुशियों का त्यौहार है ईद जिसका इंतजार मुसलमानों के साथ-साथ हर धर्म के लोगों को रहता है। रमजान महीने में लोग 30 दिनों तक रोज रखकर खुदा की इबादत करते हैं।

इसी क्रम में रविवार को दाउदी बोहरा समाज में भी ईद के खुतबे की नमाज सुबह 6.30 बजे सूरत से आए शब्बीर भाई ताहेरी द्वारा पढ़ाई गई एवं देश में अमन चैन के लिए दुआएं मांगी गईं। नमाज के बाद सभी लोगों ने एक दूसरे को ईद की बधाइयां दी। ईद की खुशी का इजहार करते हुए कई मजहबी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा विभिन्न क्षेत्रो में की गई सेवाओं के लिए समाज के लोगों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के बाद ईद की सेवई के साथ नाश्ते का आयोजन यंग कमेटी के द्वारा किया गया। मजलिस के पश्चात शेख शब्बीर भाई कपासी के यहां दावत का इंतजाम किया गया। इस अवसर पर मुल्ला शब्बीर कपासी, जाफर कपासी, सिराज वनक, शब्बीर शाम, कुतुबुद्दीन भारमल, शब्बीर लक्ष्मीधर, ताहेर लक्ष्मीधर, यूसुफ वनक, सादिक कपासी, अब्बास हिरानी, जाकिर कपासी, मोईन वनक, युसूफ भारमल, मुर्तुजा लक्ष्मीधर, परवेज भारमल, हातिम लक्ष्मीधर, यूसुफ लक्ष्मीधर होजेफा कपासी, शब्बीर सीमेंटवाला, युसूफ लक्ष्मीधर, सैफ़ुद्दीन शाम, अदनान अली, मंसूर, इब्राहिम वनक, मोइज भारमल, अब्दे अली, होजेफा भारमल, हाशिम भारमल, हमजा भारमल, मोइन वनक, मुस्तफा वनक, कुशय, हातिम, हुसैन, अब्बास, मुर्तुजा, मुस्तफा, अली असगर सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।



### मांगी देश में अमन, शांति और खुशहाली के लिए दुआएं



**पेंड्रा।** जिले में ईद का त्यौहार बड़े ही ख़ुशनुमा माहौल में मनाया गया। रमज़ान माह के 30 रोज़े पूरे होने के बाद ईदगाह में सुबह से नमाजियों का आना शुरू हो गया था। जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मोहम्मद नसीम ने ईद के विषय में तकरीर की और उसके बाद आलिम अबुजर साहब ने ईद की नमाज अदा कराई। ईद की नमाज के बाद सभी ने हाथ उठाकर आपसी भाईचारे, देश में अमन शांति के लिए दुआ मांगी। नमाज व दुआ अदायगी के बाद सभी ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने ईद के मौके पर सभी का मुंह मीठा कराया। इस मौके पर राकेश जालान ने कहा कि ईद का त्यौहार हम सबको आपसी भाईचारे का संदेश देता है हम सबने इस त्यौहार को साथ मिलकर मनाया। री यूनियन ग्रुप ने ईद पर स्टॉल लगाकर मुस्लिम समाज के लोगों को शीतल पेय पिलाया। इस मौके पर प्रशांत श्रीवास, अखिलेश नामदेव दुर्गा पसारी, मदन सोनी, शारदा चरण पसारी, आयुष शर्मा, आकाश, सादिक़ खान, रईस खान, मो.यूसुफ सिद्दीकी, आमिर अली, जावेद खान, शाहबाज खान, आशिम मंसूरी, सुहैल खान, अरशद अली, जैद मंसूरी सहित बड़ी संख्या में बुजुर्ग बच्चे एवं आमजन शामिल हुए।

### भाईचारे का संदेश देती है ईद

**तखतपुर।** ईद का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा मनाया गया। तखतपुर में ईद की बधाई देने के लिए नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अजय देवांगन, पार्षद मुन्ना श्रीवास, पूर्व पार्षद टेकचंद कारड़ा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बिहारी देवांगन पहुंचे और सभी को ईद की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह ईद हम सभी को एक दूसरे को करीब लाकर भाई चारा का संदेश देता है। इस अवसर पर जाकिर अंसारी, कुद्दुस अंसारी, मुकीम अंसारी, उमर कुरैशी, शेख जैनुल, अय्युब अंसारी, नट्टू जायसी, अजीम अंसारी, करीम कुरैशी, आकिल रिजवी, नईम अंसारी, बट्टू अंसारी, जाकिर जायसी, सलीम खान, नूर मोहम्मद, साबिर जायसी, सिराज जिंदरान, मुन्ना खान, नजरूद्दीन जिंदरान, इकबाल ऐबानी, आरिफ ऐबानी, शेख वसीम, निसार अंसारी, एजाज अंसारी, नियाज अंसारी, साहिल खान, फैजल खान सहित अन्य उपस्थित रहे।

### आपसी सद्भाव से मनाया गया ईद का त्यौहार



**सकरी।** आपसी सद्भाव और एकता का पर्व ईद नगर में मुस्लिम समाज द्वारा धूम धाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कौमी एकता की मिशाल देते हुए सर्व समाज द्वारा नगर के मुस्लिम परिवारों के घर जा कर उन्हें ईद की बधाई दी। इस अवसर पर मुन्ना खान, रसीद खान, जनपद पंचायत तखतपुर उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि सूरज मिश्रा, जवाहर यादव, हेमंत सवानी, विद्यालय अध्यक्ष प्रकाश पाल, रामेश्वर पाल, रंजन राजपूत, जितेन्द्र सूर्यवंशी, मनीष तिवारी सहित नगरवासी उपस्थित थे।

### भाईचारे के साथ मनी ईद, ईदगाह में नमाज अदा



**पथरिया।** नगर एंव क्षेत्र में ईद का त्योहार शांति और भाईचारे के साथ मनाया गया। स्थानीय ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर सरफराज खान, सोमू खान, नदीम खान, मुशीर खान,नजीब खान, इमरान खान, अयान खान, फरहान अली, छोटू खान,लकी खान, मुकीम खान अकरम खान, सलीम खान, फैजू खान फैजल खान आदि मौजूद थे।

# मुक्तिधाम में निर्माण कार्य की शुरूआत



भूमिपूजन करते सामाजिकजन।

**मुंगेली।** नगर पालिका परिषद द्वारा देवांगन समाज मुक्तिधाम में नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, उपाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा नगर पालिका के अंतर्गत विभिन्न वार्ड पार्षद और देवांगन समाज जिलाध्यक्ष आनंद देवांगन अधिवक्ता, नगर अध्यक्ष दुर्गेश देवांगन, युवा अध्यक्ष एवं सोशल मीडिया प्रचारक कोमल देवांगन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोगों द्वारा पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरुआत की।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने शुक्ला ने कहा कि देवांगन समाज मुक्तिधाम में सीसी रोड होने से समाज के लोगों को आने-जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। उपाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा ने देवांगन समाज लगातार विकास के क्षेत्र मे आगे बढ़ रहे है जो खुशी की बात है। विवेकानंद वार्ड के पार्षद अर्चना सत्तू देवांगन एवं हीरालाल वार्ड पार्षद निमेश देवांगन ने कहा कि समाज के विकास में सभी को मिलकर कार्य करना होगा। देवांगन समाज अध्यक्ष आनंद देवांगन ने बताया कि देवांगन समाज मुक्तिधाम मुंगेली में 08 लाख 90 हजार रुपए की लागत से 200 मीटर सीसी रोड की भूमि पूजन हुआ है। विवेकानंद वार्ड की पूर्व पार्षद गायत्री आनंद देवांगन की प्रयास से मुक्तिधाम में लगभग एक करोड़ का कार्य स्वीकृत हुआ है। इस अवसर पर देवांगन प्रदेश पदाधिकारी अमर देवांगन, सुदामा देवांगन, विष्णु देवांगन, गणपति देवांगन, भूपेंद्र देवांगन, लल्ला देवांगन, रज्जू देवांगन, जलेश देवांगन भी मौजूद रहे।

### यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले 25 चालकों पर गिरी गाज

**कोरबा।** हिन्दू नववर्ष के अवसर पर शहर में विशाल रैली का आयोजन किया गया था लेकिन इस रैली के बहाने कुछ और सामाजिक तत्वों द्वारा अपने मोटरसाइकिलों के साइलेंसरों को खोल दिया गया था और बेतरतीब साइलेंसर की तेज आवाज के साथ सड़कों पर फराटे भर रहे थे तो बुलेट में पटाखे की आवाज निकाल कर फर्राटे भर रहे थे। लगातार इस तरह की हरकतों से सड़क पर घूमने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था इसे देखते हुए पुलिस ने ऐसे लापरवाह चालकों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की है।

# 6500 हितग्राहियों को कराया गया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

चैत्र नवरात्र के पहले दिन जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 6500 हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को उनके नए आवासों की चाबियां सौंपी और विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कराकर गृह प्रवेश संपन्न कराया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ आगमन के अवसर को इस योजना के उत्सव के रूप में मनाया गया। इस दौरान मुंगेली, लोरमी और पथरिया विकासखंडों में आयोजित इस कार्यक्रम में हितग्राही अत्यंत प्रसन्न दिखे और उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया। हितग्राहियों ने बताया कि पक्के मकान के अभाव में उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब स्थायी आवास मिलने से उनकी समस्याओं का समाधान हो गया है। जिले में कलेक्टर राहुल देव और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रभावी कार्ययोजना अपनाई जा रही है। योजना के जिला समन्वयक सुनील जायसवाल ने बताया कि जिले में आवास निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है और सभी पात्र हितग्राहियों को शीघ्र ही आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में लाभार्थियों की उपस्थिति रही। यह योजना न केवल जरूरतमंद परिवारों को स्थायी छत उपलब्ध करा रही है, बल्कि उनके जीवन स्तर में भी बड़ा बदलाव ला रही है।



हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराते जनप्रतिनिधि।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. ..../ब-121/2024-25
ग्राम लोहराकापा प.ह.नं. 3

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम लोहराकापा वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरज खुटे पिता प्रदीप निवासी ग्राम लोहराकापा तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने स्वयं के जन्म/मृत्यु दिनांक 01.11.2003 को ग्राम पंचायत कुरानकापा मे दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 15.04.2025 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/03/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जरहागांव**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक / ना. तह. / 2025
सकरी दिनांक 20/3/2025

एदत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दरप निर्मलकर पिता स्व पंचराम निर्मलकर निवासी ग्राम बुटेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार मौजा बुटेना प.ह.नं.-35, रा.नि.मं. अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर- 7/4, 46/4, 74/4, 124/3, 151/3, 177/3, 177/4, 208/2, रकबा क्रमशः 0.2020, 0.3360, 0.4820, 0.0040, 0.0160, 0.2930, 0.1620, 0.1090 हे. भूमि दरप, दरसराम, कांतिबाई, शांता, सभी पिता स्व. पंचराम निर्मलकर के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। भूमि आवेदकगण की स्वामित्व व अधिपत्य की है। मूल किसान किताब गुम हो जाने से द्वितीय प्रति प्रदाय करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

इस न्यायालय में प्रकरण की अगामी सुनवाई दिनांक 8.4.25 को नियत है। उक्त सुनवाई दिनांक को इस न्यायालय में उपस्थित होकर कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 20/3/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।
**नायब तहसीलदार, सकरी**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्र/क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर, दिनांक 19.03.2025
प्रति, आवेदक/ सचिव चर्च ऑफ ख्राईष्ट मिशन इंडिया नियर सी.एम.डी. कॉलेज चौक, बिलासपुर छ.ग. सचिव द्वारा -संजय कुमार हीराधर C/o सुनील कुमार हीराधर
समीपी भूमिस्वामी - 1. मैसानिक हाल द्वारा रमेन्द्र महेश्वरी मो.नं. 9425219200 एवं संगीता जगदीश केयर टेकर 2. प्राचार्य महोदय सेंट जोसफ कान्वेंट स्कूल प्रिंसपल सर्वसंबंधित (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/ आवेदक के बताए अनुसार)
विषय:- सीमांकन में उपस्थित होने बावत।
संदर्भ:- न्यायलय तहसीलदार का ज्ञापन क्र./क/तह./वाचक/2025, बिलासपुर दिनांक 27.05.24
आवेदक संजय कुमार हीराधर निवासी तारबाहर इंदिरा कालोनी द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 554/2 रकबा 0.4450 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 04.04.25 को समय 12 PM-5PM बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।
टीपः 1. आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2. विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
**राजस्व निरीक्षक**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### वाहन चालक से गाली गलौज, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** गांव में जेसीबी चला रहे चालक के साथ युवक ने गाली गलौज कर नुकीली वस्तु से हमला कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छिरहापारा धुमा निवासी ईश्वर कैवर्त ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रात्रि 9 बजे गांव में जेसीबी मशीन चला रहा था उसी समय गांव के राहुल उर्फ ओमप्रकाश आर्मो आया और जेसीबी मशीन में चढ़कर अश्लील गाली गलौज करते हुए नुकिली वस्तु से मारपीट कर दिया।

### दिव्यांग भाई का सहारा बनी 6वीं की छात्रा दीक्षा

**तखतपुर।** दिव्यांग भाई की मदद



कर उसे हर क्षेत्र में सशक्त बनाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए एक बहन सुबह लेकर रात्रि तक काम कर रही है। शक्ति की आराधना सदैव से ही सबसे महत्वपूर्ण और प्रमुख माना गया है, बिना शक्ति के उपासना के व्यक्ति को कुछ भी हासिल नहीं हो पाया है। वर्तमान में देवी मां का भले ही साक्षात स्वरूप का दर्शन न हो पाए परंतु उनकी प्रतिछाया किसी न किसी के रूप में देखने को मिल ही जाती है। ऐसे ही आयुष को उसकी बहन दीक्षा शक्ति के रूप में मिली है। आयुष कक्षा तीसरी का छात्र है और वह दिव्यांग है। इस दिव्यांग भाई को कक्षा छठवीं में पढ़ने वाली दीक्षा प्रतिदिन अपने साथ ट्राई साईकिल में स्कूल लेकर जाती है। आजाद नगर की रहने वाली दीक्षा अपने भाई को प्रतिदिन सदर बाजार स्थित जनपद मिडिल में लेकर जाती है। पहले वह अपने भाई को उसी कैंपस में संचालित प्राथमिक स्कूल में छोड़ती है और उसके बाद स्वयं पढ़ती है।

### अलग अलग सड़क हादसे में तीन की मौत

**कोरबा।** जिले में अलग अलग सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले दुर्घटनाकारित वाहन चालकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। पहली घटना पाली थाना क्षेत्र में घटित हुई है। पाली थाना क्षेत्र के माखनपुर स्कूल के पास कार क्रमांक सीजी 04 क्यूई 1463 ने मोपेड को टक्कर मार दी। हादसे में मोपेड सवार 35 वर्षीय राम प्रसाद पावले की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक चटवाभौना चैतमा का रहने वाला था। स्थानीय लोगों के अनुसार कार बेहद तेज गति से आई और सीधे मोपेड से टकरा गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सड़क हादसे की दूसरी घटना कटघोरा थाना क्षेत्र के सुतर्रा के समीप घटित हुई है। बताया जाता है कि दुर्गा प्रसाद बिंझवार 13 जनवरी को अपने मोटर सायकल सीजी 12 बीएल 8548 से कटघोरा की ओर जा रहा था तभी जटगा रोड की ओर से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 बीएल 9970 के चालक ने बाइक को काफी तेज गति एव लापरवाहीपूर्वक वाहन को चलाकर मृतक दुर्गा प्रसाद बिंझवार की मोटर सायकल में ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

## निधन

### सुखदास बघेल

**बिलासपुर।** टिकरापारा निवासी



सुखदास बघेल का सोमवार को निधन हो गया। पिछले कई दिनों से उनकी तबीयत खराब थी। जिनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सुबह 10 बजे दयालबंद स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे हरिदास बघेल के पुत्र, छवि बघेल के भाई व मनीष, संदीप और अक्कू बघेल के पिता थे।

### नरबदिया ध्रुव

**तखतपुर।** ग्राम बरेला निवासी



सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती नरबदिया ध्रुव 83 वर्ष का 31 मार्च को निधन हो गया। वे संजय ध्रुव, रिंकु उर्फ सकेंत ध्रुव की मां थी। इनका अंतिम संस्कार बरेला मुक्तिधाम में किया गया।

## न्यूयार्क में रहती हैं लोरमी की बेटी

# 17 वर्षों से महामाया में ज्योति प्रज्जवलित करा रहा अमेरिका का इंजीनियर दंपती

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

नगर की अधिष्ठात्री देवी मां महामाया मंदिर में चैत्र नवरात्र पर सैकड़ों की संख्या में लोग आस्था के रूप में मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित कराते हैं। प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी अमेरिका में रहने वाले माता के भक्त यादव दंपती ने यहां मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित कराया है। यादव दंपती पिछले 17 सालों से यहां मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित करा रहा है।





नगर के एक यादव परिवार की होनहार बेटी कमलेश यादव अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में बतौर साफ्टवेयर इंजीनियर कार्यरत है। वे वहीं रहकर नौकरी कर रही हैं। उनके पति रितेश यादव भी साफ्टवेयर कम्पनी में डायरेक्टर हैं। कमलेश यादव नगर के वार्ड 5 निवासी हैं, जिनका बचपन नगर में गुजरा है। वे पढ़ लिखकर साफ्टवेयर इंजीनियर बनकर एक कम्पनी में सेलेक्शन होने पर अमेरिका के न्यूयार्क शहर में शिफ्ट हो गईं। अमेरिका में रहते हुए वे हिंदुस्तानी सभ्यता से जुड़ी हुई हैं। यादव दंपती 17 वर्षों से दोनों ही पक्षों में शारदीय एवं चैत्र नवरात्र में आस्था की मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराता है। उनका मानना है कि वे हिन्दू सभ्यता एवं मान्यताओं से दूर नही हुए हैं, बल्कि अमेरिका जैसे लाइमलाइट में माता की भक्ति करती हैं। कमलेश यादव ने कहा कि अमेरिका में रहकर भी वे लोरमी से जुड़ी हुई हैं। माता का आशीष उनको अमेरिका में मिल रहा है। उन्होंने बताया कि वे अमेरिका में रहकर हिंदू त्योहार बड़े ही उत्साह के साथ सेलिब्रेट करती हैं।

### सोनकुंड में शतचंडी पाठ महायज्ञ, जुटेंगे श्रद्धालु



**पेंड्रा।** जिले के पर्यटन क्षेत्र में शामिल सोनभद्र नद उद्गम जिसे मानस तीर्थ सोनकुंड के नाम से जानते है, जहां स्थित आदिशक्ति मां काली मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्र पर शतचंडी पाठ व महायज्ञ का आयोजन किया गया है, जिसमे सभी भक्त शामिल हो सकते हैं। मंदिर प्रशासन द्वारा बताया गया कि नवरात्र के नव दिन मां की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। शतचंडी महायज्ञ अष्टमी तिथि को किया जाएगा जिसमें कन्या पूजन, भोज और आम भक्तों के लिए भंडारा आयोजित किया गया है। चैत्र नवरात्रि महोत्सव में आम भक्तो के लिए मनोकामना ज्योति कलश कुल 183 ज्योति कलश स्थापना एवम जवारे कलश स्थापना भी किए गए है, शतचंडी पाठ वर्तमान में प्रारंभ हो चुका है, इसमें भगवती मां चंडी की पूजा, हवन और यज्ञ एवम महाआरती का विशेष आयोजन किया गया है। यह एक अद्वितीय अवसर है जिसमें आप मां काली की आराधना में शामिल हो सकते हैं और उनकी कृपा प्राप्त कर सकते हैं।

### सप्तमी पर व्यवस्था बनाने टीआई ने ली बैठक

**तखतपुर।** नवरात्रि पर्व पर सप्तमीं के दिन मां काली की सवारी निकलती है जिस पर कानून व्यवस्था बनाने थाना प्रभारी ने बैठक ली। नगर में नवरात्रि पर्व पर दोनों पखवाड़ों में सप्तमीं के दिन मां काली की सवारी टिकरीपारा से निकलती है। सप्तमीं के दिन निकलने वाले इस काली की सवारी 20 हजार से अधिक ग्रामीण आसपास क्षेत्र से नगर में आते है हर गली और मुख्य मार्ग में बहुत भीड़ रहती है जिससे संभालना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती होती है सप्तमीं के दिन निकलने वाली काली के लिए यातायात को सुगम रखने भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य को लेकर आज मां काली समिति ने थाना प्रभारी देवेश राठौर को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर दिनेश निर्मलकर, पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन, अंकित अग्रवाल, करन यादव, जीत गेंदले, सत्यम ताम्रकार सहित अन्य उपस्थित रहे।



सभास्थल पर सफाई करते डिप्टी सीएम, विधायक व अन्य।

## पीएम की सभा के बाद डिप्टी सीएम साव व विधायकों ने लगाई झाड़ू

**बिल्हा/बोदरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के बाद दूसरे दिन से सभास्थल को साफ करने नगर निगम ने वृहद सफाई अभियान आरंभ किया।

अभियान के पहले दिन उप मुख्यमंत्री अरूण साव, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा सुशांत शुक्ला और निगम कमिश्नर अमित कुमार ने झाड़ू थामकर सफाई अभियान में हिस्सा लिया और सफाई कर्मियों को प्रोत्साहित किया। बिल्हा ब्लाक के ग्राम मोहभट्ठा में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऐतिहासिक कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें प्रदेश भर से लाखों लोग पहुंचे थे। व्यवस्था के तहत सभी के लिए जलपान समेत अन्य आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई गई थी। कार्यक्रम के बाद सभा स्थल को पूर्ण रूप से साफ करने के लिए नगर निगम ने पांच दिवसीय वृहद सफाई अभियान छेड़ा है। शहर को स्वच्छ रखने और आमजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम द्वारा महीने भर से अलग-अलग अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तारतम्य में प्रधानमंत्री कार्यक्रम स्थल को भी साफ किया जा रहा है। अभियान के पहले दिन आज उप मुख्यमंत्री अरूण साव, बिल्हा और बेलतरा के विधायक, भूपेंद्र सवन्नी उपाध्यक्ष प्रदेश भाजपा समेत अन्य लोगों ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर श्रमदान किया और सफाई अभियान में हिस्सा लिया। इस मौके पर मनोज वर्मा . श्रीमती पुनीता डहरिया. श्रीमती वंदना जेंडर. सतीश शर्मा . श्रीमती धनेश्वरी डहरिया. श्रीमती नेहा भारती . विष्णु बिंदल . मोहन डोरिया .राजेन्द्र डहरिया. सुकांति रात्रे.विश्वासा भानिकपुरी.विमूला मानिकपुरी.आगर दास मानिकपुरी. अशोक दास मानिकपुरी . अश्वनी साहू एवं भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

■ कार्यक्रम स्थल मोहभट्ठा में पांच दिनों तक चलेगा अभियान

### स्वच्छता प्राथमिक कार्य: साव

इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री साव ने निगम और सफाई कर्मियों का प्रोत्साहन करते हुए कहा की स्वच्छता हम सबके लिए प्राथमिक कार्य है। इसमें सफाईकर्मियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण और वंदनीय है। प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम अत्यंत सफल और ऐतिहासिक रहा। सभास्थल की सफाई का जिम्मा भी हमारा है और इसे हम पूर्ण रूप से स्वच्छ करेंगे। छग में प्रधानमंत्री के इतने भव्य और बड़े कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से लाखों की तादाद में आमजन पहुंचे थे।

## भगवान सहस्त्रबाहू की सामूहिक आरती

**मुंगेली।** हिन्दू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शारदा हाल श्रीराम मंदिर में ताम्रकार समाज का चैत्र अमावश्या पर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान सहस्त्रबाहू की सामूहिक आरती की गई। इस अवसर पर सामाजिक विकास पर महिलाओं, युवाओं एवं समाज के वरिष्ठजनों ने अपने विचार रखें। बैठक में समाज के महिला विंग एवं युवा संगठन का गठन कर संगठन को सक्रिय करने का निर्णय लिया गया।

चैत्र अमावश्या पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान सहस्त्रबाहू की पूजा अर्चना एवं सामूहिक आरती के साथ प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष प्राचार्य दिलीप ताम्रकार ने समाज के प्रतिभाशाली युवाओं के राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रदर्शन पर उन्हे बधाई देते हुये सभी लोगों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने की बात कही। नगर के आयुष ताम्रकार का व्यवहार न्यायाधीश में चयन होने पर सम्मानित किया गया। समाज के वरिष्ठ सदस्य शरद ताम्रकार ने भगवान सहस्त्रबाहू एवं चैत्र अमावश्या पर्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन संदीप ताम्रकार ने किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन जयकुमार ताम्रकार ने किया। इस अवसर पर समाज के अरूण डिगा ताम्रकार, रमेश ताम्रकार, रामकुमार ताम्रकार, मिनेश ताम्रकार, अजय ताम्रकार, कृष्ण कुमार ताम्रकार, कृष्णचंद ताम्रकार, सचिश ताम्रकार, वैभव



सामूहिक आरती में शामिल सामाजिकजन।

## श्रीराम जानकी मंदिर से निकली कलश यात्रा

**सेतगंगा/मुंगेली।** श्रीराम जानकी मंदिर सेतगंगा प्रांगण में 30 मार्च से 7 अप्रैल श्रीरामचरित मानस आध्यात्मिक धर्म चेतना वक्ता प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है।

कथा पूर्व नगर में शोभायात्रा, मंगल कलश यात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ विष्णु देवाचार्य मिथिला पीठाधीश्वर बिहार, पंडित दीनानाथ उपाध्याय, महंत राधेश्याम श्याम दास, संत वैष्णव दास ने पूजा अर्चना कर किया। कलश यात्रा श्रीराम जानकी मंदिर सेतगंगा से प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल में जाकर सम्पन्न हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में कन्याओं, महिलाएं पीला वस्त्र धारण कर सिर पर पवित्र गंगाजल आम्रपत्तों व नारियल श्री फल से सुसज्जित मंगल कलश के साथ मुखारबिंद जय जय श्री राम, जय जय श्री राम की जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। इस अवसर पर पं दीनानाथ उपाध्याय, महंत राधेश्याम श्याम दास, दादू राम गवेल, केशव सिंह परिहार, राम स्वरूप साहू, अक्षय देवांगन, डॉ. सुरेश केशरवानी, रुक्मणि उपाध्याय, कन्हैया गुप्ता, रमाकांत सोनी, राजू सोनी, रामकुमार निषाद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

## पीएचडी शोधार्थी बनकर वीरानी स्कूल के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

## शिक्षा विकास की नींव , बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास: सरस्वती

**सीपत।** विरानी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल सीपत में शनिवार को ग्रेजुएशन डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मस्तूरी नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष सरस्वती परमेश्वर बिंझवार, इंटक यूनियन एसोसिएशन एनटीपीसी के अध्यक्ष सलीम विरानी, शाला प्राचार्या तारा गिरी के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में एकेडमिक शिक्षा सत्र 2023-24 के प्रतिभावान छात्रों एवं 2024-2025 में खेलकूद गतिविधियों में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्रप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र व फील्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। बच्चों की आकर्षक वेशभूषा एवं उनके शिक्षा व संस्कार को देखकर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सरस्वती बिंझवार ने कहा कि बच्चों के भविष्य एवं उनकी नींव का पता शुरुआत में चल जाता है। उन्होंने बच्चों के उज्ववल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विरानी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने यह विश्वास पैदा कर दिया है कि आज के कम्प्यूटर युग में भी संस्कार का होना जरूरी है। शिक्षा विकास की नींव है इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। इस अवसर पर परमेश्वर सोनवानी, राजू सूर्यवंशी, पत्रकार हिमांशु गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, वीरेंद्र रात्रे, लॉरेंस मेहता आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन आरती गुप्ता, योगिता पटेल, सुमन केवट, विमल तिवारी व आभार प्रदर्शन प्रदीप पांडेय ने किया।




ग्रेजुएशन डे पर उपस्थित स्कूली बच्चे।

### मांग को लेकर जंतर मंतर तक जाएंगे पंचायत सचिव

**कोरबा।** शासकीयकरण करने की मांग को लेकर 17 मार्च से लगातार हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ ने 1 अप्रैल को मंत्रालय का घेराव स्थगित कर दिया है। मोदी की गारंटी पूरा नहीं करने के कारण जारी अनिश्चितकालिन हडताल के तहत कार्यक्रम को संशोधित करते हुये आगामी रणनिति की सूचना मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सम्बन्धितों को दे दी गई है। अपनी मांगों को लेकर पंचायत सचिव 2 अप्रैल को राष्ट्रीय पैदल दिवस पर आंदोलन शुरू करेंगे। 15 अप्रैल से क्रमिक भूख हड़ताल करेंगे। इस बीच वे नगाड़ा बजाएंगे, रामायण गाएंगे और हनुमान चालीसा का पाठ भी करेंगे। निर्धारित रूपरेखा के तहत वे अपने आंदोलन को अंजाम तक ले जाने इस बार 21 अप्रैल को जंतर मंतर तक जाएंगे और फिर मांग पूरी होने तक वहीं हड़ताल पर डटे रहेंगे।

## नवधा रामायण हमारी संस्कृति का प्रतीक: संतोष



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

ग्राम विंध्यासार में नवधा रामायण की भक्ति की बयार चल रही है, मानस मंडलियां लोगों को प्रभु राम की कथा सुनाकर आध्यात्मिक रसपान करा रही हैं।

इसी क्रम में नवधा रामायण में कथा श्रवण करने पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक एवं जनपद पंचायत तखतपुर उपाध्यक्ष राकेश तिवारी पहुंचे। इस अवसर पर संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि नवधा रामायण के माध्यम से मानस मंडली भगवान श्रीराम के जीवन गाथा को गाकर लोगों को जीवन की सीख दे रही है, यह हमारी संस्कृति का प्रतीक है। प्रभु श्रीरामचंद्र का संपूर्ण जीवन चरित्र हमें सत्य, प्रेम, त्याग, बलिदान और समर्पण की शिक्षा देता है। छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है हम सभी अपने भांजे में उन्हीं की छवि भी देखते हैं। जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि रामायण से शिक्षा ग्रहण कर शांति, सद्भाव के मार्ग पर चलना सीख सकते हैं। जिस प्रकार आज समाज में तनाव बढ़ता जा रहा है नैतिक और चारित्रिक मूल्यों में गिरावट आ रही है, ऐसे में भक्ति ही वह मार्ग है जिसके द्वारा हम समाज में फैले अशांति को दूर कर सकते है। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि जलेश्वर साहू, सरपंच सावित्री बलराम बिंझवार, उपसरपंच नेहा भूपेन्द्र साहू, पूर्व सरपंच अमित साहू, बहतराई सरपंच प्रतिनिधि हरिश्चंद्र साहू, सेवा सहकारी समिति लाखासार अध्यक्ष यशवंत दुबे, मानस समिति अध्यक्ष अमृतलाल साहू, उपाध्यक्ष विनोद नागेश्वर, ईश्वर कैलाश बिंझवार, रामचंद्र केवट, गया प्रसाद निर्मलकर, दुर्गा परमेश्वर साहू, शकुंतला बिंझवार, रामेश्वर ऊषा साहू, दिनेश बिंझवार, हरिलाल वस्त्रकार, सुखदेव वस्त्रकार, मनीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में मानस प्रेमी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर सोने की चेन, मोबाइल ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** चोरों ने एक मकान में घुसकर सोने की चेन व मोबाइल पार कर दिया और भाग गए। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है। कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, टिकरापारा निवासी मनीषा खटिक पिता जोगेन्द्र खटिक रविवार की सुबह घर का दरवाजा खोलकर घरेलू काम में व्यस्त हो गई थीं। इसी दौरान अज्ञात चोर उनके घर में घुसकर चार्जिंग में लगा मोबाइल व पर्स में रखी 4 ग्राम वजनी सोने की चेन चोरी कर भाग गए और किसी को भनक तक नहीं लगी। काम करने बाद मनीषा ने देखा तो चार्जिंग से मोबाइल व पर्स से चेन चोरी हो गई थी। पुलिस ने मनीषा की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बहरहाल पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### निःशुल्क उपनयन संस्कार 30 को

**बिलासपुर।** परशुराम ब्राह्मण समाज द्वारा निःशुल्क उपनयन संस्कार का आयोजन 30 अप्रैल को श्रीराम घोंघा बाबा मंदिर में किया जाएगा। आचार्य पं. कृष्णदत्त शास्त्री हैं। यह कार्यक्रम सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन समिति की रेखा पाण्डेय व राज्यश्री मिश्रा ने बताया कि उपनयन संस्कार स्थल पर निर्धारित समय से एक घंटा पहले आना होगा।

### पीईटी-पीपीएचटी परीक्षा 8 मई को

**बिलासपुर।** प्रदेश में इंजीनियरिंग और फार्मेसी में एडमिशन के लिए व्यापमं द्वारा आयोजित की जाने वाली प्री-इंजीनियरिंग टेस्ट (पीईटी) और प्री-फार्मेसी टेस्ट (पीपीएचटी) 8 मई को होगी। इन परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और अभ्यर्थी 17 अप्रैल शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। फॉर्म में सुधार करने का अवसर 18 से 20 अप्रैल तक मिलेगा। प्रवेश पत्र 29 अप्रैल को जारी किए जाएंगे। पीईटी परीक्षा 8 मई की सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक होगी। जबकि पीपीएचटी परीक्षा 8 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी। परीक्षा केंद्र सभी 33 जिला मुख्यालयों में बनाए जाएंगे।

### सड़क पर आवारा मवेशियों का कब्जा

**बिलासपुर।** सड़क पर आवारा मवेशियों के विचरण करने के कारण लोगों को सड़क पर चलना दुर्भर हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी दो पहिया वाहन चालकों को हो रही है। जो आए दिन इनकी चपेट में आने से चोटिल हो रहे है। वहीं पैदल चलने वाले भी दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। इसके बाद भी नगरीय प्रशासन अधिकारी व कर्मचारी इन आवारा मवेशियों को पकड़ने कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। बीच-बीच में अभियान चलाकर मवेशियों को पकड़ा जाता है, लेकिन कुछ दिन बाद स्थिति जस की तस हो जाती है।

---

**शहर सरकार की लापरवाही** — जब तक निगम का बजट एमआईसी में पेश नहीं होगा तब तक कोई भी वित्तीय लेनदेन नहीं होगा

# बीत गया वित्तीय वर्ष, निगम का बजट नहीं हो सका पेश विकास कार्यों और वेतन पर एक रुपए नहीं हो सकेगा खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्त हो गया है लेकिन 2025-26 के लिए निगम का बजट पेश नहीं हो सका। 26 मार्च को हुई एमआईसी में भी इस बजट को नहीं रखा गया और ना ही इसका कोई प्रस्ताव लाया गया। अनुमोदन तो बहुत दूर की बात है।

अब नियमों के मुताबिक जब तक निगम का बजट एमआईसी में पेश नहीं होगा तब तक निगम में किसी प्रकार का कोई भी वित्तीय लेनदेन नहीं हो सकेगा। जाहिर है अगले कुछ दिनों तक ना तो किसी ठेकेदार को कोई भुगतान होगा और ना ही दूसरे पेमेंट हो सकेंगे। संविदा और स्टाक कर्मचारियों को वेतन भी नहीं मिलेगा। किसी भी विकास कार्यों के लिए एक भी रुपए की राशि जारी नहीं हो सकेगी। हालांकि हरिभूमि ने जब इस मामले में महापौर और निगम के अधिकारियों से बात की तो आनन-फानन में बैठक को जल्द बुलाने की बात कही जाने लगी। केन्द्र और राज्य के बजट के हिसाब से ही निगम के बजट का महत्व होता है। हर हाल में इसे वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले निगम के कैबिनेट मतलब कि एमआईसी में रखा जाना आवश्यक होता है। एमआईसी में बजट का अनुमोदन भी जरूरी है। रायपुर, रायगढ़ के साथ ही सरगुजा निगम में यह बजट पेश होने के साथ ही उसका अनुमोदन हो गया है। बिलासपुर में निगम के जनप्रतिनिधियों के साथ ही अधिकारियों को लेकिन इस ओर ध्यान नहीं है। या फिर कहें कि ध्यान देना जरूरी नहीं समझते। इसलिए ही 31 मार्च बीत गया लेकिन बजट पेश नहीं हो सका।

### इस तरह बनता है बजट

- निगम के अलग-अलग विभागों में प्रभारी अधिकारियों द्वारा अपने विभाग अंतर्गत शहर की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बजट प्रस्ताव तैयार किया जाता है।
- अधिकारियों द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव पर संबंधित विभाग की समिति में चर्चा होती है, जरूरत पड़ने पर उसमें संशोधन किया जाता है।
- विभागीय समिति में बजट स्वीकृत होने पर एमआईसी को प्रस्तुत किया जाता है।
- एमआईसी में चर्चा के बाद उसमें आवश्यकता अनुसार संशोधन किया जाता है।
- एमआईसी में स्वीकृत बजट अनुमान के आधार पर मुख्य बजट तैयार किया जाता है, इसे निगम परिषद में स्वीकृत होने के बाद लागू किया जाता है।

### रायपुर में 1400 करोड़ रायगढ़ में 900 करोड़

रायपुर नगर निगम के आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल अनुमानित आय 1,462 करोड़ 41 लाख 87 हजार रुपए बताया है, जिसमें पूंजीगत आय 856 करोड़ 58 लाख 42 हजार रुपए और डिपॉजिट वर्क आय 46 करोड़ 17 लाख 25 हजार रुपए है। इसके साथ ही रायगढ़ में करीब 900 करोड़ का बजट पेश किया गया है।




### बुनियादी सहूलियतों पर रहेगा बजट में फोकस

निगम के बजट में इस बार पूरा जोर पानी, बिजली, सड़क, सफाई जैसी बुनियादी सहूलियतों को चाक चौबंद करने पर रहेगा। वहीं निगम में शामिल 18 पंचायत क्षेत्रों में पुराने नगर निगम एरिया में प्रचलित मेकेनाइज्ड, मेनुअल सफाई कराई जाएगी। इसके लिए मेयर इन कौंसिल में प्रस्ताव पारित किया गया। बजट राशि में बढ़ोतरी निगम में शामिल 18 पंचायत क्षेत्रों बुनियादी सुविधाएं बढ़ाने के लिए की जाएंगी।

### एक हजार करोड़ का बजट तैयार

बजट बनाने के लिए किसी तरह की तैयारी नहीं की गई। हालांकि विभागीय अधिकारियों द्वारा शहर की जरूरत के अनुसार प्रस्ताव तैयार किए जाने की बात कही जा रही है। इसमें करीब एक हजार करोड़ का बजट इस बार पेश होने की बात है। ध्यान रहे कि बजट के प्रस्तावों पर विभागीय समिति स्वीकृति देकर एमआईसी में प्रस्तुत करती है। इसमें अनुमोदन होने के बाद इस बजट को सामान्य सभा में पेश किया जाता है।

### पूर्व में भी विलंब से आया बजट

देखा जाए तो बजट को देरी से जारी करने की परिपाटी कई वर्षों से चली आ रही है, जबकि फरवरी माह में इसे पास हो जाना चाहिए। 2024-25 में भी निगम बजट अप्रैल में आया था। जानकारों के मुताबिक बजट का मकसद निगम क्षेत्र में संसाधनों का इस तरह से बंटवारा करना होता है कि जिससे सबसे जरूरतमंद लोगों को भी इसका सर्वाधिक लाभ मिल सके। बजट के जरिए शहर सरकार तय करती है कि उसके पास रखे खजाने का इस्तेमाल कितना और कहां किया जाना है। इसी के माध्यम से पैसे का सही एलोकेशन किया जाता है। बजट समाज के उस तबके तक संसाधन पहुंचाने में मदद करता है जिसे उसे सबसे अधिक जरूरत है। सरकार जरूरतमंद क्षेत्रों की पहचान करके उन तक संसाधन पहुंचाती है।

### तैयार है बजट

निगम का बजट प्रारंभिक रूप से तैयार है। एमआईसी की बैठक जल्द ही बुलाते हुए इस बजट को इसमें पेश किया जाएगा। अनुमोदन के आधार पर शहर विकास के कार्य होंगे।

– **श्रीमती पूजा विधानी,** महापौर

---

घरों में धुंआ भरने से लोगों को मिली आगजनी की जानकारी

# पार्किंग में लगी आग, 8 बाइक और एक कार जलकर राख, शार्ट सर्किट की आशंका



आग की चपेट में आने से 8 बाइक और एक कार जलकर राख हो गई।



तोरवा स्थित सांई धाम परिसर में अधजले दोपहिया वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रात 3 बजे घरों में धुंआ भरने से लोग बाहर निकले तो देखा कि पार्किंग में खड़ी बाइक व कार धू-धू कर जल रही है, गाड़ियों में आग लगने से कालोनी में हड़कंप मच गया। दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। आग की चपेट में आकर 8 बाइक, 1 कार जलकर राख हो गई है। शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

- **तोरवा सांईधाम में हुई घटना**

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, 30 मार्च की रात तोरवा सांईधाम कालोनी के लोग सोए हुए थे। रात 3 बजे कालोनी के घरों में धुंआ भरने से लोगों की नींद खुल गई।



लोग घरों से बाहर निकले तो पार्किंग में खड़ी बाइक व कार में आग लगी हुई थी, गाड़ियों को जलते देख कालोनी में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते पूरी कालोनी के लोग बाहर निकल गए और पुलिस को सूचना देकर पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया।

इधर सूचना मिलते ही तोरवा थाने की पेट्रोलिंग पार्टी कालोनी पहुंच गई। कुछ देर बाद एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर पहुंची और पानी डालकर आग बुझाने में जुट गई। आधा घण्टे बाद आग पर काबू पाया गया है। आग की चपेट में आकर 8 बाइक व 1 कार जलकर खाक हो गई है।

बताया जाता है पार्किंग में कालोनी का बिजली का मीटर लगा हुआ है। मीटर में शार्टसर्किट होने से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। कालोनीवासियों की शिकायत पर तोरवा पुलिस आगजनी कायम कर जांच में जुट गई है।

---

**सुबह 7 बजे से लगेंगी कक्षाएं**

# भीषण गर्मी ने बदला स्कूलों का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर समेत प्रदेशभर में गर्मी के चलते अधिकतम तापमान 41 से 43 डिग्री तक पहुंच गया है। ऐसे में राज्य सरकार ने स्कूलों के समय सारणी में बदलाव कर दिया है। एक पाली में संचालित होने वाले सभी प्राइमरी, मिडिल, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल अब सुबह 7:00 बजे से 11:00 बजे तक संचालित होंगे तो जिन स्कूलों में दो पालियों में कक्षाएं लगती हैं, वहां प्राइमरी और मिडिल की कक्षाएं सुबह 7:00 बजे से 11:00 बजे तक तथा हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी कक्षाएं 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक संचालित की जाएंगी।

- **दूसरी पाली में स्कूल सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित होंगे**

ज्ञात हो कि एक अप्रैल से सभी केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, निजी और सरकारी स्कूल खुलने जा रहे हैं। प्रदेश में पड़ रही तेज गर्मी को देखते हुए लोक शिक्षण संचालनालय ने स्कूलों की समय सारणी में बदलाव करने का आदेश जारी किया है। यह नियम सभी सरकारी और निजी स्कूलों के लिए प्रभावी होगा। अधिकारियों के मुताबिक नया समय सारणी 2 से 30 अप्रैल 2025 तक प्रभावी रहेगी। हालांकि शासकीय कार्यालयों के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वे पहले की तरह ही संचालित होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी के मुताबिक यह आदेश सभी स्कूलों पर लागू होगा।




### गर्मी दिखा रही तेवर

गौरतलब है कि बिलासपुर सहित प्रदेश में सूर्य की तपिश तेज हो गई है। बिलासपुर में भी पारा 41 के करीब पहुंच गया है। इसके अलाव प्रदेश के अन्य जिलों में भी भीषण गर्मी से दोहपर में लू जैसे हालात बन रहे है। गर्मी के चलते नदियों का जल स्तर गिर गया है। दूसरी ओर अब गर्मी का असर अब स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। जिला प्रशासन ने लू से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है। गर्मी में लू लगने के साथ ही दूसरी जल जनित बीमारियों की संभावना होती है। बीमारियों से बचाव और रोकथाम के लिए जरुरी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

### आंगनबाड़ी भी आज से 11 बजे तक खुलेंगे

स्कूल शिक्षा विभाग की तरह ही महिला एवं बाल विकास विभाग ने भी 1 अप्रैल से 30 जून 2025 तक आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन समय सुबह 7:00 बजे से 11:00 बजे तक निर्धारित कर दिया है। इस अवधि में आंगनबाड़ी केंद्र छह घंटे की बजाय चार घंटे ही संचालित रहेंगे। जिससे बच्चों को भीषण गर्मी से बचाया जा सके।यह फैसला बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि तेज गर्मी के कारण छात्रों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

---

# मारपीट कर युवक से मोबाइल लूटने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मारपीट कर युवक से मोबाइल लूटने वाले फरार युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद कर लिया है।

ज्ञात हो कि 19 जनवरी 2025 को कोरबा पाली शांतिनगर निवासी दिलीप महंत पिता लक्ष्मीदास महंत 37 साल अपन बुआ को लेने गुरूनानक चौक जा रहा था। रात पौन आठ बजे देवरीडीह गौरा चौरा के पास दो युवकों ने उन्हें रोककर मारपीट कर मोबाइल लूट लिया था। पुलिस अपराध कायम कर युवकों के पतासाजी में जुट गई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने स्टाप के साथ देवरीडीह गौरा चौक निवासी संतोष चौहान उर्फ सेंडी पिता टीकाराम 22 साल को पकड़कर पूछताछ की तो उसने दिलीप महंत से मोबाइल लूटना स्वीकार कर लिया। उसके कब्जे से लूटी गई मोबाइल बरामद कर लिया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्षों से आंदोलनों की ली जाएगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जिलों के शहर व ग्रामीण अध्यक्ष दिल्ली की बैठक में शामिल होने जाएंगे। 3 अप्रैल को दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल बैठक लेंगे, जिसमें शहर, जिलाध्यक्षों से सालभर के आंदोलनों का रिपोर्ट कार्ड मांगा जाएगा। इसके साथ ही कांग्रेस भवन एवं उसकी संपत्ति के बारे में जानकारी मंगाई गई है।

- **3 अप्रैल को दिल्ली जाएंगे शहर व जिला ग्रामीण अध्यक्ष**

प्रदेशभर के शहर कांग्रेस अध्यक्ष व जिला ग्रामीण अध्यक्ष इन दिनों दिल्ली में होने वाली बैठक के लिए अपनी रिपोर्ट बनाने में लगे हुए हैं। क्योंकि दिल्ली में 3 अप्रैल को राहुल गांधी, मल्लकार्जुन खड़के, केसी वेणुगोपाल इन कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक लेने वाले हैं। इस बैठक के लिए कांग्रेस अध्यक्षों द्वारा जनवरी 2024 से लेकर अब तक किए गए धरना प्रदर्शन, आंदोलनों की जानकारी मंगाई गई है। इसके साथ ही कांग्रेस भवन एवं उसकी संपत्ति की जानकारी भी चाही गई है। इस बैठक में शामिल होने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के कांग्रेस अध्यक्ष दिल्ली जाएंगे।

बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा कांग्रेस जिलाध्यक्षों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी। यहां बिलासपुर से शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय और जिला ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी दोनों ही बैठक में शामिल होने दिल्ली जाएंगे।

### ये हैं जिलाध्यक्षों के पास अधिकार

कांग्रेस जिलाध्यक्षों के पास वर्तमान में जो अधिकार हैं उनमें जिले की कार्यकारिणी का गठन करना है। जिले के मोर्चा, संगठन का गठन और समन्वय तथा सदस्यता अभियान चलाना एवं उसकी रिपोर्ट तैयार कराकर प्रदेश को भेजना है। जिले की समन्वय समिति बनाकर काम कराना और कांग्रेस के प्रदेश स्तर एवं राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजन कराना है। सामाजिक काम जैसे नशामुक्ति, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, जातिगत भेदभाव दूर करने के लिए जनता के बीच काम करना है।

# विवाद के बाद पत्नी ने आग लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** पति पत्नी के बीच आपसी विवाद होने के बाद पत्नी ने आग लगा ली। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सकरी टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, परसदा ब्लू गार्डन के पास रहने वाले कमलेश साहू पत्नी अनिता साहू व एक बच्चे के साथ रहकर राजमिस्त्री काम करते हैं। 30 मार्च को पति पत्नी के बीच किसी बाता को लेकर विवाद हो गया। इससे क्षुब्ध होकर रात में अनिता साहू ने आग ली।

चीख सुनकर उनके पति व आसपास के लोगों ने आग बुझाकर गंभीर अवस्था में उन्हें सिम्स में भर्ती कराया गया था। 31 मार्च को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

### मार्च के अंतिम दिन गर्मी का असर बढ़ा

**बिलासपुर।** मार्च के महीने के अंतिम दिन में गर्मी का असर बढ़ने लगा है। सोमवार को तेज धूप के कारण गर्मी का अहसास हुआ, जिससे लोग दिन भर गर्मी से राहत पाने के लिए घरों में अधिक समय बिताने लगे। खासकर दोपहर के समय जब सूर्य की तपिश अधिक थी, लोग घरों से बाहर कम निकले। सोमवार को मौसम का अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज धूप बचने युवतियां और महिलाएं सिर पर कपड़ा रखकर बाहर जाती हुई नजर आईं।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह मार्च 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 05 दिन | 4.00 | 20.00 |
| 24 दिन | 5.00 | 120.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह मार्च 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेंट बंधु को 5 अप्रैल 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
16 मई से 23 मई, 23 मई से 30 मई, 06 जून से 13 जून
25 जुलाई से 1 अगस्त 2025 (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411